



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 294 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 26 जुलाई 2025 डाक 27 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा** – विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के खिलाफ विपक्षी विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश** – फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता देगा फ्रांस, भड़के अमेरिका और इजरायल



**फीचर पेज** – मानसून के दौरान लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रखने के लिए अपनाएं ये तरीके




## कारगिल युद्ध के सैनिकों का जज्बा हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा

# कारगिल विजय दिवस पर देश ने वीर जवानों को किया नमन, पीएम मोदी और राजनाथ सिंह ने शहीदों को किया याद





**नईदिल्ली, 26 जुलाई [एजेंसी]।**

देशभर में 'कारगिल विजय दिवस' पर वीर सैनिकों को याद किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने भारतीय सेना के वीर जवानों के साहस और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को हराकर विजय प्राप्त की थी और यह दिन उसी गौरवशाली जीत की याद दिलाता है। नेताओं ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' के माध्यम से वीर जवानों के अदम्य साहस को नमन किया। देशभर में 'कारगिल विजय दिवस' पर वीर सैनिकों को याद किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई केंद्रीय मंत्रियों ने भारतीय सेना के वीर जवानों के साहस और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को हराकर विजय प्राप्त की थी और यह दिन उसी गौरवशाली जीत की याद दिलाता है। नेताओं ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 'एक्स' के माध्यम से वीर जवानों के अदम्य साहस को नमन किया। उन्होंने कहा कि मातृभूमि के लिए खुद को बलिदान करने का उनका जज्बा हर पीढ़ी को प्रेरित करेगा। इस अवसर पर दिल्ली स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1999 के कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को नमन करते हुए पुष्पचक्र अर्पित किया। इस अवसर पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी और थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी विशेष रूप से मौजूद रहे। उनके सर्वोच्च बलिदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा। इससे पहले, राजनाथ सिंह ने एक एक्स पोस्ट में कहा, कारगिल विजय दिवस पर, मैं उन वीरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी देश के सम्मान की रक्षा में असाधारण साहस, धैर्य और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया। कारगिल युद्ध के दौरान उनका सर्वोच्च बलिदान हमारे सशस्त्र बलों के अटूट संकल्प की चिरस्थायी याद दिलाता है। भारत उनकी सेवा का सदैव ऋणी रहेगा। कारगिल विजय दिवस हर वर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है, जो उस ऐतिहासिक विजय की याद दिलाता है जब भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान के कब्जे से चोटियों को सफलतापूर्वक मुक्त कराया था।

### खुली छूट मिलते ही करारा जवाब दिया..., कारगिल विजय दिवस पर सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर पर कही बड़ी बात



**नई दिल्ली।** देश आज 26वां कारगिल विजय दिवस मना रहा है। इस खास मौके पर देश भर के लोगों उन नायकों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। इस बीच थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 26वें कारगिल विजय दिवस समारोह को संबोधित किया। कारगिल विजय दिवस समारोह को संबोधित करते हुए जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि हम उन नायकों के ऋणी हैं जिन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर पर बोलते हुए जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को प्रभावी ढंग से निशाना बनाकर भारत ने निर्णायक जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सेना को खुली छूट दिए जाने के बाद भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया।

### संभल के हरिहर मंदिर जलाभिषेक को जा रहे शिवसेना कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका, हंगामा

**धामपुर (बिजनौर)।** संभल के हरिहर मंदिर में जलाभिषेक करने जा रहे शिवसेना के कार्यकर्ताओं को कोतवाली पुलिस ने नगीना चौराहा पर रोक लिया। इसके बाद उन्हें कोतवाली में लाकर बैठा लिया। इस दौरान खूब हंगामा हुआ। संभल में हरिहर मंदिर में पूजा पाठ व जलाभिषेक को लेकर रोक लगाई गई है। सावन माह में हरिहर मंदिर पर जल चढ़ाने के लिए धामपुर से शिव सेना के कार्यकर्ता रवाना हो गए। उन्होंने कहा कि वहां पहले भगवान विष्णु का मंदिर था, जिसे मुगल काल में तोड़कर मस्जिद बना दी गई थी। वहां जलाभिषेक अवश्य करेंगे। धामपुर से निकलते ही पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इस दौरान पुलिस ने तीखी झड़प हुई। काफी देर तक हंगामा होता रहा। पुलिस ने गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई।

# 153 लोगों की मौत, 222 सड़कें बंद... हिमाचल में काल बनकर बरस रही बारिश




**शिमला।** मौसम विभाग ने 26 जुलाई को मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना जताई है। इसके कारण तापमान में गिरावट आने का अनुमान है। 27 जुलाई को कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना जिलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट है। 29 जुलाई तक भारी वर्षा की संभावना है। प्रदेश में शुक्रवार को दिन की शुरुआत खिली धूप के साथ हुई। जबकि दोपहर बाद मंडी, शिमला और कुल्लू सहित अन्य स्थानों पर वर्षा हुई।

शिमला के रामनगर वार्ड में पेड़ घर की छत पर गिर गया, जिससे घर को नुकसान पहुंचा है। चंबा के नकरोड़ू-चांजू मार्ग भूस्खलन से सात घंटे तक बाधित रहा। प्रदेश में मंडी-कोटली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) सहित 222 सड़कें बंद हैं। मंडी जिले में 144, कुल्लू में 48, कांगड़ा में 11, लाहुल स्पीति में छह, चंबा में चार, सिरमौर व ऊना में तीन-तीन, शिमला में दो व सोलन में एक सड़क बंद है। प्रदेश में अभी तक 36 ट्रांसफार्मर खराब हैं।

# केजरीवाल समेत आप नेताओं की फिर बढ़ सकती हैं मुश्किलें, अब इस योजना की जांच कराएगी दिल्ली सरकार

**नईदिल्ली, 26 जुलाई [एजेंसी]।**



आम आदमी पार्टी सरकार के कार्यकाल में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना की जांच कराने की तैयारी है। पिछली सरकार में 70 विधानसभा में कुल 2.64 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने का दावा किया गया था।

जानकारी अनुसार इनमें से लगभग 32 हजार कैमरे खराब मिले हैं। 15 हजार से अधिक कैमरे अब तक नहीं लगे हैं। वर्ष 2018-19 में दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में सीसीटीवी लगाने का काम शुरू किया गया था। दो चरण में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। पहले चरण के लिए 427 करोड़ और दूसरे चरण के लिए 220 करोड़ रुपये का टेंडर हुआ था। वर्ष 2020 में यह काम पूरा किया जाना था। पहले चरण में 1.40 लाख कैमरे लगाए गए। शेष कैमरे दूसरे चरण में लगने थे।

## महाराष्ट्र के मंत्रियों के फोन हो रहे टैप! शरद पवार गुट का दावा- जासूसी के डर से मोबाइल कर रहे स्विच ऑफ



**मुंबई, 26 जुलाई एजेंसी ।**

महाराष्ट्र की राजनीति में इन दिनों हनीट्रैप और जासूसी का मुद्दा छाया हुआ है। शरद पवार वाली एनसीपी के विधायक रोहित पवार ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार के कुछ मंत्रियों ने जासूसी के डर से अपने फोन ही बंद कर दिए हैं। उन्हें डर है कि उनके फोन टैप हो रहे हैं। इस पर पलटवार करते हुए उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सबूत मांगे हैं। रोहित पवार ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कुछ मंत्रियों के फोन नंबर नॉट रीचेबल हैं। ऐसी अफवाहें हैं कि उन्होंने टैप किए जाने के डर से अपने फोन बंद कर दिए हैं। आने वाले दिनों में बताएंगे कि ये सच कि महज एक अफवाह। कर्जत जामखेड से दूसरी बार विधायक बने रोहित पवार शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) के महासचिव हैं। अजित पवार ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, सभी को आरोप लगाने का अधिकार है, लेकिन ऐसा करते समय उन्हें आरोप साबित करने के लिए सबूत भी देने चाहिए।

फोन टैपिंग के आरोप शिवसेना (यूबीटी) के इस दावे के बीच सामने आए हैं कि मंत्रिमंडल में फेरबदल होने वाला है और कम से कम पांच से छह मंत्रियों को बर्खास्त किया जा सकता है, जिनमें से अधिकांश एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के हैं।

## मुझे जूतों से मारा..., दिल्ली में भिड़े कर्नाटक के सीएम और डिप्टी सीएम के सहयोगी



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बीच चल रही तकरार की आंच अब देश की राजधानी तक पहुंच गई है। इसकी गूंज नई दिल्ली में स्थित कर्नाटक भवन में भी सुनाई देने लगी है, जहां दोनों नेताओं के सहयोगी आपस में भिड़ गए। मामला इतना बढ़ा कि शिकायत दर्ज करवाने की नौबत आ गई। यह लड़ाई सीएम और डिप्टी सीएम के स्पेशल ड्यूटी ऑफिसर के बीच देखने को मिली। सीएम के SDO सी मोहन कुमार और डिप्टी सीएम के SDO एच. अंजनेय कर्नाटक भवन में एक-दूसरे से भिड़ गए। यह मामला तब और भी ज्यादा बढ़ गया जब मोहन कुमार अंजनेय पर चिल्लाने लगे और उन्हें मारने तक की धमकी दे डाली। इस दौरान कर्नाटक सरकार के कई कर्मचारी भी मौके पर मौजूद थे। अंजनेय ने अपने पत्र में दावा किया है कि इस पूरी घटना के जिम्मेदार मोहन कुमार हैं।

मुझे जूतों से मारा गया। इससे मेरे सम्मान को गहरी ठेस पहुंची है। मोहन कुमार के खिलाफ आपराधिक मामला चलाकर मुझे न्याय दिया जाए। मैं मोहन कुमार के खिलाफ विभागीय जांच की मांग करता हूं। कर्नाटक भवन के अधिकारियों के अनुसार, दोनों के बीच पहले जुबानी जंग शुरू हुई थी। दरअसल एक महिला कर्मचारी ने अंजनेय पर बदसलूकी से बात करने का इल्जाम लगाया था। ऐसे में मोहन कुमार भी इस मामले में कूद पड़े और अंजनेय को उल्टा-सीधा बोलने लगे। देखते ही देखते मामला काफी बढ़ गया।

## झारखंड में पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन जेजेएमपी उग्रवादी ढेर, एक एके 47 और दो इंसास रायफल बरामद



**गुमला, 26 जुलाई [एजेंसी]।**

झारखंड के गुमला जिले के घघरा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में स्थित लॉडाग फ़ॉरेस्ट में शनिवार सुबह शनिवार सुबह सुरक्षा बलों और जेजेएमपी (झारखंड जनमुकती परिषद) आतंकवादियों के बीच एक मुठभेड़ हुई। झारखंड जगुआर और गुमला पुलिस की एक संयुक्त कार्रवाई में तीन आतंकवादी मारे गए। एसपी हरीश बिन जामा के अनुसार, यह बताया गया कि आतंकवादी एक बड़ी घटना की योजना बना रहे थे। इसके आधार पर, एक खोज ऑपरेशन आयोजित किया गया था, जिसके दौरान जंगल में छिपे आतंकवादियों ने आग लगा दी। प्रतिशोध में तीन मारे गए, जबकि अन्य भाग गए।मुठभेड़ के बाद एक AK-47 और दो INSAS राइफल्स को मौके से बरामद किया गया है। खोज ऑपरेशन अभी भी चल रहा है और फरार आतंकवादियों को खोजा जा रहा है। जंगलों में एरिया डॉमिनेशन और तलाशी के दौरान भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और नक्सलियों के उपयोग में आने वाली अन्य सामग्रियां बरामद की गईं।

## पूर्व सांसद ने राहुल गांधी की बाबासाहेब आंबेडकर से की तुलना, बोले- वो साबित कर देंगे..



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने शनिवार को अपने एक बयान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तुलना संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर से की। उदित राज ने कहा कि अगर अन्य पिछड़ा वर्ग उस बात को सुनता है, जो राहुल गांधी ने भागीदारी न्याय सम्मेलन के दौरान कही, तो राहुल गांधी इस बात को साबित कर देंगे कि वे ओबीसी वर्ग के दूसरे आंबेडकर हैं। कांग्रेस नेता उदित राज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि तेलंगाना में हुई जाति जनगणना समाज का एक्स-रे है। राहुल गांधी का उद्देश्य इसे देशभर में कराने का है। उनके विचार दूरदर्शी हैं। अगर दलित और पिछड़ा वर्ग के लोग आगे आएं तो हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। समाज में जो असमानता है, वह कम होगी।

अगर पिछड़ा वर्ग के लोग उसे समझने की कोशिश करें, जो राहुल गांधी कह रहे हैं तो राहुल गांधी इस बात को साबित कर देंगे कि वे उनके लिए दूसरे आंबेडकर हैं। उदित राज ने लिखा कि पिछड़ा वर्ग को यह सोचना होगा कि इतिहास उन्हें विकास का मौका बार-बार नहीं देगा। उन्होंने उस बात को मानना चाहिए और इसका समर्थन करना चाहिए, जो राहुल गांधी ने तालकटोरा स्टेडियम में हुए सम्मेलन में कही। अगर वे ऐसा करते हैं तो राहुल गांधी उनके लिए दूसरे आंबेडकर साबित होंगे।

### हाईवे में प्रोफेसर कॉलोनी के लोगों ने किया चक्काजाम

**रायपुर।** मुंबई-हावड़ा हाईवे पर करीब 2 किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। ये जाम कोई ट्रैफिक समस्या के वजह से नहीं है। यहां प्रोफेसर कॉलोनी में जलभरवा से परेशान लोग परिवार के साथ धरने पर बैठ गए है। हैरानी की बात ये है कि इस चक्काजाम की जानकारी अब तक जिला प्रशासन को नहीं मिली है। यही कारण है कि ट्रैफिक जाम और दूर तक बढ़ता ही जा रहा है। यहां काली माता मंदिर के पास लोग सड़क पर बैठ गए है और इस रूट के दोनो तरफ गाड़ियां खड़ी हो गई है। हालांकि वहां जाम की सस्या को देखते हुए कुछ ट्रैफिक पुलिस के जवान पहुंचे है और उन्होंने अपने आला अधिकारियों को चक्काजाम किए जाने की जानकारी दे दी है। रायपुर पुलिस ने बताया, कुशालपुर-भाठागांव के बीच में स्थानीय निवासियों द्वारा कॉलोनी में जल भराव की समस्या को लेकर नेशनल हाइवे पर चक्काजाम कर दिया गया है।

### कुछ देर में जोरदार धमाका होगा..., मुंबई एअरपोर्ट पर बम की खबर से हड़कंप, पुलिस को आए 3 फोन कॉल

**मुंबई।** मुंबई एअरपोर्ट पर बम होने की सूचना से पूरी मायानगरी में हड़कंप मच गया। मुंबई पुलिस फौरन अलर्ट मोड पर आ गई। यह धमकी एक या दो नहीं बल्कि तीन-तीन बार मिली। मुंबई एअरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुंबई कंट्रोल रूम पर एक के बाद एक लगातार 3 फोन कॉल आए, जिनमें मुंबई इंटरनेशनल एअरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी भरे फोन कॉल में मुंबई पुलिस से कहा गया कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एअरपोर्ट पर बम है और कुछ ही देर में जोरदार धमाका होगा। इस फोन कॉल से पुलिस अलर्ट हो गई। मुंबई एअरोर्ट पर बम स्क्वाड की टीम भी बुलाई गई। पुलिस ने काफी देर तक एअरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया, लेकिन कोई भी संदिग्ध चीज बरामद नहीं हुई।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## बारिश से कच्चा मकान ढहा, एक की मौत



**बलरामपुर।** लगातार बारिश से शनिवार रात रामानुजगंज नगर पालिका क्षेत्र में एक कच्चा मकान अचानक ढह गया। इस दर्दनाक हादसे में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि घर में मौजूद अन्य छह लोग किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिए गए। जिले की लगातार बारिश से लगभग नदियां उफान पर हैं। कनहर नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है, वहीं सिंदूर नदी गेउर नदी भी उफान पर है। लगातार बारिश की वजह से वार्ड क्रमांक 13 में एक कच्चा मकान ढह गया। घटना के समय प्रमोद रवि (35 वर्ष) पिता चंद्रदेव राम अपनी पत्नी सुनीता व चार बच्चे , दीपक, राधा, काजल और खुशबू के साथ अंदर था। देर रात कच्चे मकान के भरभरा कर गिरने से पूरा परिवार मलबे में दब गया। मोहल्ले वालों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और सभी को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक मासूम खुशबू की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही रामानुजगंज पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की। इधर घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि जर्जर और कच्चे मकानों की प्रशासनिक स्तर पर पहले से जांच कर उन्हें खाली कराना चाहिए था।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा रोडवेज चालक की मौत, पांच यात्री घायल

**मथुरा 26 जुलाई।** बलदेव थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 139 के समीप आगरा से नोएडा जा रही रोडवेज बस को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में आजमगढ़ के चालक की मृत्यु हो गई। जबकि पांच सवारियां घायल हो गई। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। नोएडा से सवारियां लेकर जा रही रोडवेज बस को शनिवार सुबह पौने पांच बजे बलदेव थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे के माइल स्टोन 139 के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

## बाल तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, 2 बच्चों को बचाया, 3 महिलाएं भी हिरासत में

**चेन्नई, 26 जुलाई [एजेंसी]।**

चेन्नई के पुझल इलाके में पुलिस ने संदिग्ध बाल तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस ऑपरेशन में दो बच्चों (जिनमें दो साल की बच्ची शामिल है) को बचाया गया और तीन महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। यह कार्रवाई स्थानीय पुलिस की सतर्कता और एक नागरिक की सूझबूझ के कारण संभव हो पाई है। मामला तब सामने आया जब पुझल के रहने वाले कार्तिक ने पुलिस को सूचना दी कि अज्ञात महिला ने उन्हें एक नाबालिग लड़के को 12 लाख रुपये में बेचने का प्रस्ताव दिया। इस चौंकाने वाली जानकारी से स्तब्ध कार्तिक ने तुरंत पुझल पुलिस से संपर्क किया। इंस्पेक्टर रजनीकांत ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एक गुप्त ऑपरेशन शुरू किया और मामला दर्ज किया।

पुलिस के निर्देश पर कार्तिक ने महिला के साथ बातचीत जारी रखी और सौदे को अंतिम रूप दिया। महिला ने बच्चे की मां के लिए 10 लाख रुपये और अपने कमीशन के रूप में 2 लाख रुपये मांगे। उसने पुझल में एक तय स्थान पर बच्चे को सौंपने का वादा किया। जैसे ही महिला बच्चे के साथ टू-व्हीलर पर उस स्थान पर पहुंची, वहां पहले से मौजूद पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया और बच्चे को सुरक्षित बचा लिया।

# डीएमएफ मद से 23.27 करोड़ से भवन, अस्पताल और चारदीवारी का निर्माण कराने का रास्ता साफ

## जिला प्रशासन ने अनेक प्रस्ताव की उपयोगिता पर मंजूरी दी

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देश एवं उद्योग, वाणिज्य एवं श्रममंत्री के मार्गदर्शन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कोरबा जिले के विकास से जुड़े जनहित के कार्यों हेतु डीएमएफ मद से कुल राशि 23 करोड़ 27 लाख 581 रूपये की स्वीकृति प्रदान की है।स्वीकृत कार्यों में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के लिए जेम पोर्टल से बैक हो लोडर की खरीदी हेतु 33 लाख 90 हजार रूपये, बरबसपुर सीबीजी प्लांट हेतु नवीन प्रस्तावित स्थल पर प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल तथा ब्रिकवर्क बाउंड्रीवाल, एंट्री गेट एवं मिट्टी फिलिंग कार्य हेतु एक करोड़ 99 लाख 58 हजार, खाद भण्डारण केन्द्र कटघोरा में अहाता निर्माण हेतु 26 लाख 67 हजार, ग्राम बोईदा विकासखंड पाली में हायर सेकंडरी स्कूल भवन निर्माण कार्य हेतु एक करोड़ 21 लाख 16 हजार, हाउसिंग बोर्ड कालोनी उरगा के पास डोमनाला स्टापडेम का निर्माण कार्य हेतु दो करोड़ 89 लाख 12 हजार 766, नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के लिए जेम्स पोर्टल से स्काई लिफ्ट 13मी. की खरीदी हेतु 34 लाख 35 हजार, बीज प्रक्रिया केन्द्र लखनपुर में 3 टीपीएच ग्रेडर मशीन स्थापना कार्य हेतु 50 लाख 39 हजार 395, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (भू-तल) हेतु 49 लाख 99 हजार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजगरबहार हेतु नवीन भवन निर्माण कार्य (प्रथम-तल) हेतु 48 लाख दस हजार, संचारण संधारण संभाग सीएसपीडीसीएल कटघोरा अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्याय योजना मद से मजराटोला लालमटियापारा ग्राम लांगी को विद्युतीकृत करने हेतु 23 लाख 85 हजार 983, संचारण संधारण संभाग सीएसपीडीसीएल कटघोरा अंतर्गत जिला खनिज संस्थान न्याय योजना मद से चैतुरगढ़ मंदिर ग्राम चैतुरगढ़ को विद्युतीकृत करने हेतु 34 लाख 68 हजार 64, जिला कोरबा में जिला अस्पताल अंतर्गत निर्मित कम्पोजिट हास्पिटल भवन का विस्तार निर्माण कार्य हेतु तीन करोड़ 65 लाख 28 हजार, क्षेत्रीय परिवहन विभाग हेतु इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च सेंटर अंतर्गत आफिस बिल्डिंग एचएमव्ही एंड एलएमव्ही टू व्हीलर हेतु ई-ट्रैक निर्माण कार्य हेतु एक करोड़ 79 लाख 73 हजार, नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 17 सीएसईबी चौक में पब्लिक टायलेट निर्माण कार्य हेतु 07 लाख 60 हजार, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत कार्नेरेशन साईड में निर्मित आवास हेतु सीसी रोड एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु 36 लाख 88 हजार, तहसील पाली में पूर्व बी. महंत महाविद्यालय भवन में न्यायालय के संचालन बाबत प्रशाधन कक्ष के जीर्णोद्धार एवं पेयजल व्यवस्था हेतु 06 लाख 91 हजार, कोरबा जिले में स्थापित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में 12 पैरामीटर में मिट्टी नमूने की जांच हेतु मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला का सुदृढ़िकरण (मशीन उपकरण)क्रय हेतु 23 लाख 04 हजार 374, नगर पालिका परिष्द कटघोरा क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 03 में स्थित सांस्कृतिक भवन का उन्नयन एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु 14 लाख 31 हजार, जिला कोरबा अंतर्गत संचालित सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक 100 बेड जिला चिकित्सालय हेतु उच्च क्षमता के पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना हेतु 57 लाख 45 हजार 197 रूपये, वार्ड क्रमांक 03 प्राथमिक हेल्थ सेंटर बांकीमोंगरा में पोस्ट मार्टम कक्ष निर्माण हेतु 09 लाख 11 हजार, पशु चिकित्सालयों एवं पशु औषधालयों में सुविधा विस्तार एवं अन्य आवश्यक कार्य अंतर्गत एव्हीएफओ की भर्ती (सेवा वृद्धि 10 माह) हेतु 51 लाख 37 हजार, तरल नत्रजन परिवहन हेतु एलएन2 कंटेनर्स (टीए 55) क्रय हेतु 17 लाख 50 हजार, कोरबा जिले में समग्र शिक्षा कोरबा अंतर्गत संचालित के.जी.बी.व्ही 100 सीटर कन्या छात्रावास, 50 सीटर बालक एवं कन्या छात्रावास में घरेलू गैस कनेक्शन प्रदाय के तहत गैस रिफलिंग हेतु 07 लाख 69 हजार 488 रूपये, कोरबा जिले के दुर्गम क्षेत्र के बसाहटों में नोनी बाबू जनत केन्द्र के संचालन हेतु 62 लाख 85 हजार 218, विकासखंड पोंडीउपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत मड़ई से लदगढ़ पहुंच मार्ग आरसीसी स्लैब,कलवर्ट निर्माण- पुलिया निर्माण कार्य हेतु 18 लाख 85 हजार, करतला के हाईस्कूल मैदान में अहाता निर्माण कार्य हेतु 19 लाख 95 हजार, इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय के ट्रामा सेंटर में पूर्व से संस्थापित लिफ्ट में ए-आर-डी सिस्टम संस्थापन के कार्य हेतु 06 लाख 82 हजार 240, नगर पालिका निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत जीएनएम स्कूल एवं हॉस्टल का शेष कार्य हेतु 04 करोड़ 70 लाख 05 हजार 500, कृषक उत्पादन संगठन हेतु डीएमएफ एवं कृषक अंश के अभिशरण से डीप फ्रिजर(कोल्ड रूम) की स्थापना कार्य हेतु 22 लाख 95 हजार 136, एलएन 2 वितरण परिवहन हेतु वाहन क्रय के लिए 10 लाख 98 हजार 220, ग्राम पंचायत पताढ़ी, श्यांग और ग्राम पंचायत भिलाईबाजार में पोस्टमार्टम भवन निर्माण हेतु प्रत्येक के लिये 08 लाख 55 हजार रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।



## भारतीय रेडक्रास सोसायटी ने लंबित बिल का भुगतान करने का निर्णय लिया

**कोरबा ।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक का अयोजन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा के सभा कक्ष में किया गया। इस बैठक में रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों द्वारा रेडक्रास सोसायटी के आय-व्यय पर चर्चा किया साथ ही रेडक्रास दवाई दुकान का मासिक अंशदान, दुकान का अनुबंध, दवाईयों पर डिस्काउंट, प्रतिवर्ष अंशदान में वृद्धि, दवा दुकान के खुलने के समय, बैंक गारंटी तथा विभाग से एनओसी लेने , बिजली बिल संचालक को भुगतान करने संबंधी विषय पर चर्चा किया गया। इस बैठक में समिती के सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु सर्व सम्मति से प्रारूप मान्य किया गया ।अंत में रेडक्रास सोसायटी के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, रक्तदान शिविर , रेडक्रास भवन निर्माण, समस्त रेडक्रास सोसायटी के सदस्यों का सम्मेलन बुलाने, सभी स्कूल, कॉलेज के सदस्यों को मिटिंग में बुलाये जाने तथा जनवरी से अब तक का प्राप्त राशि का 30 प्रतिशत राज्य शाखा को भेजने का निर्णय लिया गया।

## लीलागर नदी उफान पर, पुल के ऊपर से पानी जाने के कारण आवाजाही ठप्प

**कोरबा ।** कोरबा जिले में पूरी रात हुई लगातार बरसात का असर दिखने लगा है। लीलागर नदी उफान पर आ गई है, जिससे पानी पुल के ऊपर से बह रहा है। मार्ग पर आवागमन पुरी तरह से ठप्प हो गया है और राहगीरों को घूमकर जाना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश के असर से नदी नालों का स्तर तेजी से बढ़ा है। लीलागर नदी उफान पर होने से हरदीबाजार से सुवाभोंडी-रेंकी एवं हरदीबाजार से नेवसा उतरदा जाने वाला मार्ग पूरी तरह ठप्प पड़ गया है। जिन राहगीरों को उस पार जाना है उन्हें सराई सिंगार डिंडोभांठा मार्ग से जाना आना पड़ रहा है। स्थानीय निवासीयो का कहना है कि नदी का बहाव को गंभीरता से लेते हुए खतरा न उठाए। पुल पार करने की कोशिश न करें, जिससे जान के जोखिम का खतरा हो सकता है।सेजेस उतरदा के प्राचार्य, राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अतिवृष्टि होने के कारण ग्राम उतरदा चारों तरफ से नदी व नाले से घिरे होने के कारण बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई है। इस कारण ग्राम उतरदा के सरपंच, उपसरपंच एवं एसएमडीसी के सर्व सहमति से विद्यालय बंद करने का निर्णय लिया है। जिला प्रशासन और स्थानीय अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे नदी के आसपास के क्षेत्रों में न जाएं और अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें। साथ ही, जिला प्रशासन ने राहत और बचाव कार्यों के लिए टीमें तैनात की हैं।

## सेमीपाली में ट्रैलर ने कुचला दो युवकों को- आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

कोरबा ।कोरबा-चांपा मार्ग के उरगा-कुदुरमाल सड़क में एक ट्रैलर की चपेट में आ जाने से दो लोगों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा ग्राम सेमीपाली में चक्काजाम कर शव को मौके से नही उठाने दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार घटना लगभग रात्रि 8 बजे की है। ग्राम बरीडीह निवासी दो व्यक्ति उरगा से वापस बरीडीह जा रहे थे। तभी ग्राम सेमीपाली में एक ट्रैलर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार दोनों ग्रामीणों की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।हादसे की खबर जंगल की आग की तरह चारों ओर फैल गई। बड़ी संख्या में घटना स्थल पर ग्रामीण इकट्ठे हो गए।

## सीईओ के सुझाव पर समूहों की हुई बैठक

**कोरबा।** कोरबा जिले के पोंडी-उपरोड़ा विकासखंड में पिरामल फाउंडेशन द्वारा संचालित आकांक्षी भारत सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय स्तर पर कई भागीदारी प्रयास किए गए। इस क्रम में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयप्रकाश डडसेना से फाउंडेशन टीम ने मुलाकात कर एक वर्ष की साझेदारी की, वार्षिक प्रगति रिपोर्ट साझा की। बैठक में स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों को लेकर पंचायतों और समुदायों के साथ किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा हुई। जीपीपीएफटी मंच और नौ एलएसडीजी थीम्स पर केंद्रित उन्मुखीकरण सत्रों की जानकारी भी दी गई। सीईओ के सुझाव पर टीम ने स्व-सहायता समूह की बैठक में भाग लिया और महिला सदस्यों से शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे विषयों पर संवाद किया।

इस अवसर पर मोहल्ला कक्षाओं में योगदान देने वाले युवा वालंटियर्स को सम्मानित किया गया। सभी को प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।अंत में सीईओ ने टीम को आगामी सचिव कार्यशाला में भाग लेने का आमंत्रण दिया, जहाँ एलएसडीजी और पंचायत सशक्तिकरण पर चर्चा होगी।

## प्री. इंजीनियरिंग व प्री. मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं तैयारी हेतु आवेदन आमंत्रित

### एससी व एसटी वर्ग के छात्र 11 अगस्त तक कर सकते हैं आवेदन

**कोरबा ।** वर्ष 2025-26 में प्री. इंजीनियरिंग व प्री. मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग करने के लिए 11 अगस्त 2025 शाम 04 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने हेतु विभागीय वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र तथा आवेदन से संबंधित जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 12वीं उत्तीर्ण ऐसे अभ्यथी जो ड्राप लेकर इन प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक हैं वे निर्धारित तिथि तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते हैं। कोचिंग हेतु 100 अभ्यर्थी चयनित होंगे जिनमें 64 अनुसूचित जनजाति वर्ग तथा 36 अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र शामिल होंगे।

## सिंगरौली में इंजीनियरिंग छात्रा पुष्पांजलि की हत्या, मोरबा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो एमपी के सीएम को पत्राचार वाणिज्य मंत्री ने

**कोरबा।** कोरबा जिले की ग्राम पंचायत रलिया निवासी इंजीनियर युवती पुष्पांजली महंत की संदिग्ध मौत और बलात्कार की आशंका को लेकर परिजनों ने कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता की मां ने एक आवेदन पत्र के माध्यम से उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग करी है।जानकारी के अनुसार, पुष्पांजली महंत भोपाल में इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद सिंगरौली (मध्यप्रदेश) के भगत सिंह कॉलोनी स्थित मोहम्मद आशिफ के मकान में किराये पर रह रही थी। वह 21 जून को सिंगरौली पहुंची थी। अगले दिन, 22 जून की सुबह उसकी बड़ी बहन दीपांजली जब वहां पहुंची, तो उसने पुष्पांजली को निर्वस्त्र अवस्था में खिड़की से लटका हुआ पाया। घटना की जानकारी तत्काल मोरवा थाना को दी गई। पुलिस रात 10 बजे मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सह ट्रामा सेंटर ले जाया गया। ट्रामा सेंटर में पोस्टमार्टम संभव नहीं होने पर शव को रीवा स्थित संजय गांधी अस्पताल भेजा गया, जहां 50 घंटे बाद पोस्टमार्टम हुआ। इस दौरान शव पूरी तरह खराब हो चुका था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा जानबूझकर देरी कर साक्ष्य मिटाने की कोशिश की गई। आवेदिका का यह भी आरोप है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेरफेर की आशंका है और पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया। परिजन इसे बलात्कार के बाद हत्या का मामला मान रहे हैं और न्याय के लिए लगातार प्रयासरत हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री और डीआईजी को पत्र लिखकर उच्च स्तरीय जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने मांग की है। फिलहाल, कोरबा सहित पूरे छत्तीसगढ़ में इस मामले को लेकर जन आक्रोश बढ़ता जा रहा है और लोग कोरबा की बेटी को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं।

## हार्टअटैक से प्रकाश विश्वकर्मा का निधन

कोरबा। कोरबा पुरानी बस्ती दुरपा रोड निवासी प्रकाश विश्वकर्मा का शुक्रवार को सुबह आकस्मिक निधन की खबर से शोक की लहर दौड़ पड़ी।निधन की खबर से संचालक समस्त स्टाफ,सहकर्मियों में शोक व्याप्त हो गया। प्रकाश विश्वकर्मा अपने पीछे पत्नी, बच्चों, भाई राजेश, राकेश एवं अशोक विश्वकर्मा सहित भरा-पूरा परिवार रोता- बिलखता छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा दुरपा रोड स्थित निवास से प्रारम्भ हुई और गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार पुरानी बस्ती के मुक्तिधाम में किया गया।

## एमओयू के कई बिन्दुओं का परिपालन नही होने से नाराज ठेका कामगारों ने रेलवे का काम रोका

**दीपका//कोरबा।** दीपका एसईसीएल के अंतर्गत हेम्स कंपनी के ठेका मजदूर कर्मचारियों ने शुक्रवार को सुबह 8 बजे से एनटीपीसी जाने वाली रेलवे रेक दोपहर 3 बजे तक लगभग 7 घंटे रोक दिया अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर दीपका प्रबंधन और हेम्स कंपनी से मांग करते हुए पूर्व में सात मांग को सहमति से स्वीकार किए हुए मांगों को लागू करने की मांग की जा रही है वादाखिलाफी और उल्लंघन पर सूचना उपरांत अनिश्चितकालीन आंदोलन करते हुए दीपका प्रबंधन और हेम्स कंपनी के खिलाफ में मोर्चा खोल दिया है सुबह से अभी तक कोई अधिकारी बातचीत करने प्रदर्शनकारियों के बीच नहीं पहुंचा जिससे ठेका मजदूर कर्मचारी काफी आक्रोश में हैं और आंदोलन जारी है ।इन्होंने बताया कि हेम्स एण्ड जे.एम्.ए.टी.सी. एसोसिएट ठेका कम्पनी, एसईसीएल दीपका क्षेत्र और मजदूरों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता दिनांक 05/06/2025 को एस.ई.सी.एल. दीपका क्षेत्र में हुआ था जिसमें 10 दिनों में सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था हेम्स एण्ड जे.एम्.ए.टी.सी.एसोसिएट ठेका कम्पनी के द्वारा मजदूरों को गुमराह किया गया और किसी भी मांग को पुरा नहीं किया गया इस स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल की सूचना महाप्रबंधक को दी गई थी ये सभी मजदूर दीपका खदान क्षेत्र के साइलो एवं सीएचपी में कार्यरत ठेका श्रमिक हैं । इनके 7 सूत्रीय मांगों के संबंध में एसईसीएल प्रबंधन दीपका क्षेत्र के द्वारा दिनांक-05/06/2025 को दीपका क्षेत्र के सभागार में त्रिपक्षीय बैठक आयोजित किया गया था, जिसमें हेम्स एण्ड जे.एम.ए.टी.सी. एसोसिएट ठेका कम्पनी को एसईसीएल प्रबंधन दीपका क्षेत्र ने मांगों को पुरा करने के लिए 10 दिनों में निर्देशित किया था. परन्तु डेढ़ महीना से अधिक हो गया है, इसके पश्चात भी ठेका कम्पनी ने मजदूरों के 07 मांगों में से 07 मांगों में पूर्ण निराकरण नहीं किया है ।14 पुराने मजदूरों को कार्य पर अभी तक नहीं रखा गया है. और महीने में 4 छुट्टी एवं उसका पेमेन्ट के साथ एवं राष्ट्रीय छुट्टी का डबल पेमेंट के साथ दिया जाये (26 डयूटी करने पर 30 दिनों का पेमेंट एवं 30 दिन काम करने पर 34 दिन का पेमेंट दिया जाना चाहिए) समान काम पर समान वेतन दिया जाये सभी मजदूरों को मेडिकल सुविधा हेतु श्वस्ढ्ढष्ट कार्ड बनाकर दिया जाये हड़ताल पत्र पहुंचने के बाद 2 महीने का कम्पनी द्वारा मजदूरों के पीएफ खाते में पीएफ भी जमा नहीं किया गया है पिछले माह का वेतन मिल जाने के पश्चात भी हाजरीकार्ड एवं वेतनपर्ची नहीं दिया गया है.मजदूरों को, जबकि मिनटस कॉपी में देने के लिए निर्देशित किया गया था, और सभी मांगों को पुरा किये जाने के लिए फैसला लिया गया था मगर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है इससे नाराज ठेका मजदूरों ने आंदोलन शुरू कर दिया है । तीन लोगों को 1 अगस्त से कंपनी में काम में बहाल किया जाएगा आठ दिनों बाद बाकी लोगों को काम में वापसी रखे जाने की बात हुई है यदि ऐसा नहीं होता है तो फिर से बृहद उग्र आंदोलन किया जाएगा इसके बाद आंदोलन को समाप्त किये ।

## रोटरी क्लब 52 वॉ स्थापना दिवस समारोह मनाने के साथ नई टीम बनाई

**कोरबा।** रोटरी क्लब ऑफ कोरबा का 52वाँ चेंजओवर समारोह 24 जुलाई को जश्न रिसॉर्ट, कोरबा में आयोजित किया गया। यह समारोह रोटरी इंटरनेशनल के थीम के साथ सेवा, सहयोग और नेतृत्व के भाव को समर्पित रहा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

वहीं कोरबा की महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत विशिष्ट अतिथि (गेस्ट ऑफ ऑनर) के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर डिस्ट्रीक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल एवं असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन राकेश गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया।समारोह में वर्ष 2024-25 के अध्यक्ष रोटेरियन मुकेश जैन द्वारा अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा किया गया, साथ ही आगामी वर्ष 2025-26 के नव-निर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन नितिन चतुर्वेदी ने भविष्य की योजनाओं और सेवा गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की।
नए कार्यकारिणी में शामिल हैं
रोटेरियन संतोष जैन, सचिव 2025-26
रोटेरियन भूमिका अग्रवाल, कोषाध्यक्ष 2025-26
पूर्व अध्यक्ष पारस जैन,विक्रम अग्रवाल,मनीष अग्रवाल,साकेत बुधिया,राजेश सलूजा,संजय अग्रवाल ' गुड्डु ,मनोज अग्रवाल,प्रेम गुप्ता,संजय कुमार,शैलेश अग्रवाल,संजय बुधिया,सतनाम मल्होत्रा रहेंगे।जहाँ सभी सदस्यों व अतिथियों ने एक-दूसरे से विचार साझा किए और रोटरी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।रोटरी क्लब ऑफ कोरबा समाजसेवा, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में निरंतर कार्य करता आ रहा है, और इस समारोह के माध्यम से सेवा की यह परंपरा आगे और मजबूत हुई है कार्यक्रम मेंकोरबा के सभी समाज के प्रमुख,और क्लब के सभी सदस्य उपस्थित थे

## पीएमश्री विद्यालय में स्काउट गाइडस का राज्य पुरस्कार शिविर हुआ शुरू

**कोरबा।** कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत (आईएएस) के मुख्य आतिथ्य में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय 4 कोरबा में गाइड्स के लिए राज्य पुरस्कार प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स अंतर्गत यह शिविर केंद्रीय विद्यालय संगठन रायपुर संभाग द्वारा आयोजित किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर से सहायक आयुक्त रविन्द्र कुमार मौजूद रहे।पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 कोरबा में राज्य पुरुस्कार प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का पांच दिवसीय कार्यक्रम कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 4 कोरबा के मुख्य आथित्य तथा रविन्द्र कुमार सहायक आयुक्त केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर की गरिमामयी उपस्थिति में आरंभ हुआ। कलेक्टर अजीत वसंत जिलाधिकारी एवं सहायक आयुक्त रविन्द्र कुमार सहायक आयुक्त के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यालय के प्राचार्य बी.एस. अहीरे ने श्री वसंत को स्कार्फ पहनाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। जी.आर. जांगड़े ने सहायक आयुक्त रविन्द्र कुमार को स्कार्फ एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। टी.वी. माधवन शिविर नायक का स्वागत विनोद कुमारा वर्मा ने किया। विद्यालय के अन्य शिक्षकों ने शिविर के परीक्षक एस रिछारिया तथा अन्य प्रशिक्षण अधिकारियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं गणेश वंदना की प्रस्तुती दी गई। स्वागत भाषण बी.एस. अहीरे प्राचार्य के द्वारा दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम योग नृत्य तथा राजस्थानी घूमर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के बाद टी.वी. माधवन शिविर नायक ने शिविर के मुख्य उद्देश्य एवं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

इस अवसर पर कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा उपस्थित स्काउट्स, शिक्षक-शिक्षिका एवं अभिभावकों को संबोधित किया गया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन के द्वारा आयोजित राज्य पुरुस्कार प्रमाणपत्र शिविर के सफलतापूर्वक आयोजन होने लिए अपनी शुभकामनाएं दी। स्काउट्स एवं गाइड्स को समाजसेवा तथा राष्ट्रसेवा के कार्यक्रमों में शामिल होने तथा योगदान देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य बीएस अहीरे ने विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं के लिए ओपन जिम की मांग की, जिसे पूर्ण करने की घोषणा कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा की गई। जिसकी शिविरार्थी स्काउट्स ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। पीजीटी हिंदी जी.आर. जांगड़े ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन संजय कुमार राजपूत द्वारा किया गया।

## पेंशन और पीएफ के मामलों को बिना रिश्वत के निपटाएं, शिकायत पर कार्रवाई

### हेल्पलाइन नंबर 9211053010 जारी

**कोरबा।** पीएफ और पेंशन संबंधी दावों के निपटारे के लिए अगर कोई रिश्वत की मांग करता है या फिर अन्य कोई गड़बड़ी करता है तो इसकी शिकायत के लिए सीएमपीएफओ की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर 9211053010 है। इस हेल्पलाइन नंबर जारी करने का मुख्य उद्देश्य पीएफ और पेंशन संबंधी मामलों के निराकरण में पारदर्शिता लाना है।
कोल इंडिया और इसके अनुषांगिक कंपनियों के पेंशनर्स और पीएफ मेंबर्स की सहूलियत के लिए कोल माइंस प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (सीएमपीएफओ) ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। अगर कोई पीएफ और पेंशन भुगतान के दावों के लिए किसी भी तरह से रिश्वत की मांग करता है, किसी भी तरह की गड़बड़ी और भ्रष्टाचार करता है तो संबंधित सीएमपीएफओ से जारी उक्त हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत मिलने पर संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की ओर से तत्काल इसका निपटारा किया जाएगा। कोयला कर्मचारियों के पेंशन और पीएफ दावों के निराकरण में अक्सर गडबडियां और भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें कोयला कर्मचारियों व पेंशनर्स के बीच चर्चा का विषय रहता है। कई बार पेंशनर्स और पीएफ मेंबर्स को इसके कारण खासी परेशानियों का सामना करना पडता है। लंबे समय तक दावों का निपटारा नहीं हो पाता है। लेकिन अब पेंशनर्स और पीएफ सदस्यों को इस तरह की समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए कोल माइंस प्रोविडेंट फंड आर्गेनाइजेशन (सीएमपीएफओ) ने शिकायत के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इसमें पीएफ और पेंशन दावों के निपटारे से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की गडबडी, भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी की शिकायत इस हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से संबंधित लोग कर सकेंगे। सीएमपीएफओ ने हाल ही में पेंशन और पीएफ दावों के भुगतान की सहुलियत, पीएफ व पेंशन की रियल टाइम जानकारी के लिए लिए सी-केयर एप लॉंच किया था। इसी कड़ी में अब भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी पर लगाम कसने के लिए पीएफ मेंबर व पेंशनर्स के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। सीएमपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त (शिकायत विभाग) एनके मिश्रा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि पेंशन या पीएफ दावे के मामलों में अगर किसी भी तरह से रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार की शिकायत उक्त हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त होती है, तो संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को उस दावे का जल्द से जल्द निपटारा करना अनिवार्य होगा।

## कई मामलों में प्रगति नही, गोगपा 28 को चक्काजाम करने के मूड में

**कोरबा।** जनपद पंचायत पौड़ी -उपरोड़ा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर 16 जुलाई 2025 को सौंपे गए ज्ञापन के बाद भी समाधान नहीं होने से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने 28 जुलाई, सोमवार को जनपद कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन और चक्का जाम की चेतावनी दी थी। इस पर अब प्रशासन हरकत में आया है। एसडीएम तुलाराम भारद्वाज से संपर्क किया, तो उन्होंने कहा कि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा प्रस्तुत मांगों को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा की जा रही है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि सोमवार को आंदोलन से पूर्व एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें समस्याओं के निराकरण के लिए समाधानात्मक निर्णय लिए जाएंगे।15वें वित्त आयोग में भेदभाव का आरोप- गोंडवाना पार्टी ने 15वें वित्त आयोग की राशि के वितरण में जनपद सीईओ जयप्रकाश डक्सेना पर भेदभाव का भी गंभीर आरोप लगाया है। इस विषय पर पार्टी प्रतिनिधियों ने जनपद पंचायत पौड़ी उपरोड़ा के ष्टश्वह्र से भी चर्चा की। पार्टी का कहना है कि योजनाओं का लाभ कुछ चुनिंदा पंचायतों तक सीमित किया जा रहा है, जबकि कई पिछड़े ग्राम पंचायतों को योजनाओं से वंचित रखा गया है।पार्टी की चेतावनी बरकरार-पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि यदि प्रशासन वादे के अनुरूप बैठक कर सकारात्मक निर्णय नहीं लेता है, तो सोमवार को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन यथावत रहेगा और जरूरत पड़ी तो चक्का जाम भी किया जाएगा।जनता से अपील-गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने क्षेत्र के आम नागरिकों से आंदोलन में सहभागी बनने की अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई केवल पार्टी की नहीं, बल्कि जनहित और ग्रामीण विकास के लिए है।

## अनमोल वचन......

**जिनकी कामयाबी नहीं रोकी जा सकती, उनकी बदनामी शुरू की जाती है।**

# आयातित कारें बेचने आई मस्क

*जिस दिन देश में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री में कमी आने की रिपोर्ट आई ठीक उसी दिन अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला ने धूमधाम से भारत में प्रवेश कर लिया। टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' खोला है।*

*खेद की बात यह कि कंपनी भारत में कार बनाने नहीं, बल्कि आयातित कारें बेचने आई है। मस्क ने इससे पहले उच्च आयात शुल्क को कंपनी के भारत में नहीं आने की वजह बताया था। कंपनी चीन स्थित शंघाई विनिर्माण संयंत्र में बने मॉडल 'वाई' को आयात करके भारत में बेचेगी जिसकी शुरुआती कीमत 59.89 लाख रुपये है।*

*मध्यम आकार की इलेक्ट्रिक एसयूवी 'वाई' कभी दुनिया की सबसे ज्यादा बिकने वाली इलेक्ट्रिक कार थी। यह भारत में दो संस्करणों में उपलब्ध होगी। दोनों कारें एक बार की चार्जिंग में क्रमशः 500 और 622 किमी. का सफर तय कर सकती हैं। मस्क की कंपनी टेस्ला कुछ समय से बिक्री में गिरावट से जूझ रही है।*

*मस्क लंबे समय से भारत में टेस्ला को लाने की प्लानिंग कर रहे थे। उनकी योजना भारत में टेस्ला का कारखाना लगाने की भी थी। भारत में जिस मॉडल की कीमत लगभग 60 लाख रु पये है, उसी मॉडल की कीमत अमेरिका में 44,990 डॉलर यानी लगभग 39 लाख रु पये है, चीन में 36,700 डॉलर यानी 32 लाख रु पये और जर्मनी में 45,970 डॉलर यानी करीब 39 लाख 50 हजार रुपये है।*

*टेस्ला भारत में जिन कारों को ग्राहकों के लिए लेकर आएगी उन पर करीब 100 फीसद टैरिफ लगेगा। टेस्ला के भारत में आने से हमें बहुत खुश होने की जरूरत नहीं है। जब तक यह भारत में विनिर्माण संयंत्र नहीं लगाती तब तक भारतीयों को अपने बीच के ही चंद अरबपतियों की कारें देख कर खुश होना पड़ेगा। वैसे भी टेस्ला भारत में इलेक्ट्रिक कारों के प्रीमियम ग्रुप को ही लक्ष्य बना रही है। ये भारत के कुल ऑटोमोबाइल मार्केट का 4 फीसद है। टेस्ला, इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली घरेलू कंपनियों जैसे टाटा मोटर्स और महिंद्रा से प्रतिस्पर्धा नहीं करेगी। उसका मुकाबला होगा बीएमडब्ल्यू और मर्सडिीज-बेंज से। सरकार कहती है कि देश में लोग तेजी से गरीबी की रेखा से ऊपर आ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की राय इसके उलट है। आप भी टेस्ला की कार चलाना चाहते हैं तो अमेरिका से ट्रेड डील या भारत के टैरिफ घटाने का इंतजार करें।*

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। हार्डवेयर का बिजनेस करने वालों को आज बड़ा धन लाभ होगा। इस राशि के शादीशुदा व्यक्तियों को आज अपने जीवनसाथी से उपहार मिलेगा। छात्र आज मन लगाकर पढाई करेंगे और टेस्ट में अच्छे नंबर प्राप्त करेंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज आप जरुरी काम समय से निपटा लेंगे, जिससे आपको अन्य कार्यों के लिए भी उचित समय मिलेगा। समय के साथ बदलती चीजों को एक्सेप्ट करना और उन्हीं के अनुरूप काम करना आपके लिए फायदेमंद होगा। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी, जो बिजनेस को आगे बढ़ाने में मदद करेंगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप बिजनेस के विस्तार पर ध्यान देंगे, जिसके लिए आप ऑफिस में मीटिंग बुला सकते हैं। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा ताल-मेल बना रहेगा और आपके दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी। लेखकों को आज नयी कहानी लिखने का अवसर मिलेगा।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली रहने वाला है। आज आपको किसी व्यक्ति से धनलाभ होगा, जिससे आपके रुके हुए कार्यों को गति मिलेगी। आज आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी बात पर डिस्कशन कर सकते हैं, जो सबके लिए लाभदायक रहेगी।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज मनमुताबिक कार्यों को करने में सफलता मिलेगी, जो आपके आत्मविश्वास को और मजबूत बनाएगी। आज आप कर्मचारियों के साथ अच्छा व्यवहार करेंगे, जिससे वे पूरे मन से काम करेंगे। आज आप स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें और ज्यादा ऑयली भोजन ग्रहण करने से बचें।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े व्यापारियों को बड़ा आर्डर मिलने की संभावना है, जिससे उनको बढ़िया धन लाभ होगा। आज आप परिवार में एकता बनाये रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं, जिसमें सबकी सहमती रहेगी।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक बना रहेगा। बिजनेस करने वालों को आज पुराने क्लाइंट से बड़ा धन लाभ होगा। प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों को आज प्रमोशन मिलने के संकेत बन रहे हैं, आज बॉस भी आपके काम की तारीफ करेंगे। आज आपके घर में किसी मेहमान का आगमन हो सकता है, जिनके आने से आनदं का माहौल रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज आप दिन की शुरुआत किसी अच्छी आदत के साथ करेंगे, जिससे आपको एक अलग ही ऊर्जा का अहसास होगा। मार्केट में अटका हुआ धन आज आपको वापस मिलेगा, जिसके उपयोग से व्यापार में वृद्धि होगी। आज आपको काम के सिलसिले में अचानक कहीं जाना पड़ सकता है, इसलिए जरूरत की चीजें अपने साथ रखें।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। आज आपको आर्थिक मामलों में थोड़ा सोच-विचार कर निर्णय लेना चाहिए। आपके दाम्पत्य जीवन में खुशहाली आएगी, बेटे की तरफ से शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। हेल्थकेयर से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज किसी अनुभवी सदस्य से मान सम्मान मिलेगा। आज अगर आप किसी काम को योजनाबद्ध तरीके से करेंगे तो अवश्य सफल होंगे।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए उपयोगी बना रहेगा। आज आपको अधिकतर कार्यों में सफलता प्राप्त होगी, जिससे आप पेंडिग वर्क को पूरा कर पायेंगे। जीवनसाथी के साथ आज आप डिनर करने बाहर जायेंगे, ऐसा करने से आपको खुशी मिलेगी। बच्चे आज अपनी बात मनवाने के लिए किसी चीज की डिमांड कर सकते हैं, आप उनको प्यार से समझाने का प्रयास करें।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करेंगे, जिसमें आपको बड़ी सफलता मिलेगी। सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्तियों को आज एक नयी दिशा में कार्य करने का मौका मिलेगा। इस राशि के म्यूजिक इंडस्ट्री में काम करने वाले व्यक्ति आज किसी बड़े प्लेटफार्म के साथ मिलकर अपने काम को और बेहतरीन बनाने का प्रयास करेंगे। आज आप दोस्तों के साथ समय बितायेंगे, जिससे आपकी उलझन दूर होगी।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। व्यापारिक दृष्टी से आज आपको बढिया धन लाभ होगा, पारिवारिक माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपको बड़े-बुजुर्गों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त होगा, जिनसे आपको आशीर्वाद मिलेगा। आज आप अपने कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ पूरा करेंगे, जिससे ऑफिस में बॉस आपकी तारीफ करेंगे।

# ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता-नए भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि

//पीयूष गोयल//

**भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) भारतीय किसानों, मछुआरों, कारीगरों और व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर पहचान देने के साथ-साथ रोज़गार के असंख्य अवसरों का सृजन करेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप लोगों को प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च-गुणवत्ता वाली वस्तुएं प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा। भारत और ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए), ऑस्ट्रेलिया, यूरोप के मुक्त व्यापार समझौते और संयुक्त अरब अमीरात सहित अन्य विकसित देशों के साथ इसी तरह के समझौतों के अनुरूप है। यह मोदी सरकार के विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने के क्रम में आर्थिक विकास और रोज़गार सृजन को अधिकतम करने की रणनीति का एक हिस्सा है।**

प्रधानमंत्री की रणनीति- वर्ष 2014 में, मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को पुनः स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई। विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करना, इस व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है। एफटीए, व्यापार नीतियों के बारे में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए निवेशकों का विश्वास भी बढ़ाते हैं।

विकसित देशों के साथ एफटीए, जिनके भारत के साथ प्रतिस्पर्धी व्यापारिक हित नहीं हैं, दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद है, जबकि पिछली सरकार ने भारत के दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने का रवैया अपनाया था।

यूपीए शासनकाल में, विकसित देशों ने भारत के साथ व्यापार वार्ता लगभग रोक दी थी और उस समय भारत को दुनिया की ÷पाँच कमजोर÷ अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2014 से लगभग तीन गुना बढ़कर लगभग 331 लाख करोड़ रुपये हो गया है। क्रांतिकारी सुधारों, व्यापार में आसानी और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरने में सहायता की है। आज, दुनिया भारत की अद्भुत गाथा में भागीदारी के साथ-साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करना चाहती है।

बाजार पहुंच, प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त- यह एफटीए ब्रिटेन के बाजार के सभी क्षेत्रों में भारतीय वस्तुओं के लिए व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित करेगा। यह लगभग 99 प्रतिशत टैरिफ लाइनों के टैरिफ को समाप्त करते हुए व्यापार मूल्य के लगभग 100 प्रतिशत को कवर करता है। इस समझौते के अंतर्गत 56 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार से सृजित होने वाले व्यापक अवसरों के वर्ष 2030 तक दोगुना होने का अनुमान है।

छोटे व्यवसाय समृद्ध होंगे, क्योंकि भारतीय उत्पादों को प्रतिद्वंद्वियों पर स्पष्ट प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल होगी। फुटबॉल, क्रिकेट उपकरण, रग्बी गेंदें और खिलौने बनाने वाली कंपनियों का ब्रिटेन में अपने कारोबार में उल्लेखनीय विस्तार होगा। असंख्य रोज़गार- आकर्षक बाज़ार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त से निर्यात स्थायित्व के साथ-साथ निवेश और रोजगार सृजन में वृद्धि होगी। भारत वस्त्र, चमड़ा और जूते से जुड़े क्षेत्रों में ब्रिटेन को आपूर्ति करने वाले तीन प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक बनने की शानदार स्थिति में है और इससे भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में प्रमुख क्षमता के रूप में उभरने में सहायता मिलने के साथ ही यह छोटे व्यावसायियों, कारीगरों और महिलाओं को भी सहायता प्रदान करेगा। रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, रसायन और फोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में भी वृद्धि होने की आशा है।

किसान प्रथम- 95 प्रतिशत से अधिक कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य टैरिफ लाइनों पर शून्य शुल्क लगेगा, जिससे कृषि-निर्यात और ग्रामीण समृद्धि में तीव्र वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। शुल्क-मुक्त बाज़ार पहुंच से अगले तीन वर्षों में कृषि निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने का अनुमान है, जो वर्ष 2030 तक भारत के 100 अरब डॉलर के कृषि-निर्यात के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान देगा। यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाज़ार को खोल देगा, जो जर्मनी, नीदरलैंड और अन्य यूरोपीय संघ के देशों को मिलने वाले लाभों के बराबर या उससे भी अधिक होगा। हल्दी, काली मिर्च, इलायची और प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे आम का गूदा, अचार और दालों को भी शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। निर्यात बढ़ने से कृषि आय में वृद्धि होगी तथा गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन को अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला में रोज़गार के असंख्य अवसर सृजित होंगे।

कमज़ोर वर्गों की सुरक्षा-घरेलू किसानों की सुरक्षा के लिए एफटीए में भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। भारत ने डेयरी उत्पादों, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है। ये रियायतें, मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू मूल्य स्थिरता और कमज़ोर कृषक समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को रेखांकित करती हैं।मछुआरों का विकास- भारतीय मछुआरे, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु के मछुआरे, ब्रिटेन के समुद्री आयात बाजार तक पहुंच के माध्यम से उल्लेखनीय विस्तार का अनुभव करेंगे।झींगा और अन्य समुद्री उत्पादों पर ब्रिटेन का आयात शुल्क वर्तमान 20 प्रतिशत से घटकर शून्य हो जाएगा।यह संभावना अभूतपूर्व है क्योंकि ब्रिटेन के 5.4 अरब डॉलर के समुद्री आयात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.25 प्रतिशत है। सेवाएं और पेशेवर-यह समझौता आईटी/आईटीईएस, वित्तीय सेवा और शिक्षा सहित विभिन्न सेवाओं को गति प्रदान करेगा और भारतीयों के लिए नवीन अवसरों का सजृन करेगा। इस समझौते में संविदा सेवा प्रदाता, व्यावसायिक यात्री, निवेशक, योग प्रशिक्षक, संगीतकार और रसोइये सहित कुशल पेशेवरों के लिए भारत ने अनुकूल गतिशीलता प्रावधान सुनिश्चित किए हैं।

अभिनव एफटीए-प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत के एफटीए में वस्तुओं और सेवाओं के अलावा अन्य महत्वपूर्ण बातें शामिल हैं। इस एफटीए ने नए मानक स्थापित किए हैं। इस ईएफटीए के साथ, भारत ने 100 अरब डॉलर के निवेश की बाध्यकारी प्रतिबद्धता हासिल की है, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। ऑस्ट्रेलिया के एफटीए के साथ, भारत ने दोहरे कराधान के मुद्दे का समाधान किया, जो आईटी कंपनियों के लिए एक बाधा बना हुआ था।

इस एफटीए का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू दोहरा अंशदान समझौता है। यह ब्रिटेन में नियोक्ताओं और अस्थायी भारतीय कर्मचारियों को तीन वर्षों के लिए सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट देता है। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं की प्रतिस्पर्धा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं-व्यापार समझौते प्रतिस्पर्धा बढ़ाते हैं, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च-गुणवत्ता युक्त वस्तुएं प्राप्त करने में सहायता मिलती है। मोदी सरकार ने गुणवत्ता को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने के लिए नीतिगत समर्थन प्रदान किया है, गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किए हैं और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर वार्तालाप किया है।

सरकार ने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले उद्योग जगत और अन्य हितधारकों के साथ व्यापक हितधारक परामर्श किया है। यह जानकर प्रसन्नता का अनुभव होता है कि उद्योग निकायों ने मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते का भारी समर्थन और स्वागत किया गया है।

सीईटीए बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौतों के लिए एक मानक है। यह हमारे मूल हितों से समझौता किए बिना, वंचित समुदायों के लिए आकर्षक वैश्विक अवसरों के द्वार खोलता है। यह इस बात का एक ज्वलंत उदाहरण है कि नया भारत व्यापार किस प्रकार करता है।

# भारत के समक्ष आर्थिक और सैन्य चुनौतियां

जयंतीलाल भंडारी

**यकीनन इस समय भारत के समक्ष जो आर्थिक और सैन्य चुनौतियां हैं, उनके मद्देनजर भारत को दुनिया की नई वैंकि आर्थिक शक्ति और उन्नत परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। चार जुलाई को भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न सिर्फ पाकिस्तान को हराया, बल्कि पाकिस्तान को परोक्ष रूप से हरसंभव सहायता देने वाले चीन और तुर्किए को भी हराया है।**

यद्यपि एक जुलाई से 31 जुलाई तक एक माह के लिए पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष बनने के बाद वह अध्यक्ष के रूप में कोई विशेष शक्ति नहीं रखता, फिर भी उसने भारत के हितों को नुकसान पहुंचाने के कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। ऑपरेशन सिंदूर में बुरी तरह पिटने के बाद भी पाकिस्तान की अकड़ कम नहीं हुई है। पाकिस्तान की सरकार और उसके सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत को बार-बार गीदड़ भभकी देने से बाज नहीं आ रहे हैं। 30 जून को मुनीर ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को वैध संघर्ष बताते हुए कहा कि उनका देश कश्मीर के लोगों के संघर्ष में हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। भारत को मात देने के लिए चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश मिल कर नया सार्क बनाने की तैयारी कर रहे हैं।

इस नये सार्क में दक्षिण एशिया के अन्य देशों को भी शामिल करने की तैयारी है। ऐसे में देश के पड़ोसी दुश्मन देशों पाकिस्तान और चीन के बढ़ते नापाक गठबंधन और उनके द्वारा लगातार आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के परिदृश्य के मद्देनजर भारत को नई आर्थिक शक्ति और नये दौर के उन्नत परमाणु हथियारों की क्षमताओं से सुसज्जित होना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि इजरायल-ईरान युद्ध और आपरेशन सिंदूर के तहत भारत-पाकिस्तान संघर्ष के परिणामों का विश्लेषण बताता है कि युद्ध में नई एआई तकनीक और आर्थिक ताकत की अहमियत दिखाई दी है, और परमाणु हमले की धमकी बेअसर साबित हुई है।

लेकिन अब पाकिस्तान द्वारा चीन के सहयोग से परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल जैसे हथियार विकसित किए जाने के मद्देनजर भारत के लिए उन्नत परमाणु शक्ति-संपन्न देश बनना भी जरूरी है। चूंकि शक्ति के माध्यम से ही शांति आती है, और शक्ति से ही भविष्य के युद्ध भी रोके जा सकते हैं, अतएव भारत को हर मोर्चे पर शक्तिशाली बनाने के सपने को साकार करने के लिए देश के आसमान छूते वैज्ञानिक, तकनीकी विशेषज्ञ, उद्यमी-कारोबारी और पूरे देश का जन-बल एकजुटता से कदम बढ़ाते दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि पिछली 24 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने आर्थिक-सामरिक क्षेत्र को मजबूत बनाया है। आतंकवाद के प्रति कठोर नीति अपनाई है। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना ने महज 22 मिनट में स्वदेशी हथियारों से दुश्मन को घुटने टेकने पर मजूबर कर दिया।

वस्तुतः ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने एआई के उपयोग से पाकिस्तान के लक्षित आतंकी ठिकानों को बर्बाद करके अभूतपूर्व मिसाल पेश की। ऐसे में भारत, दुनिया की आर्थिक शक्ति बनने, पाकिस्तान और चीन की सैन्य चुनौतियों से मुकाबले के लिए एआई तकनीकों और उन्नत परमाणु हथियारों से शक्ति-संपन्न देश बनने की संभावनाओं को साकार कर सकता है। निस्संदेह भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था इसे वैंकि आर्थिक शक्ति बना सकती है। यह छोटी बात नहीं है कि पिछले दिनों दुनिया को हिला देने वाले इजरायल और ईरान के बीच भारत अपने बहुआयामी आर्थिक आधारों से युद्ध की आर्थिक चुनौतियों के बीच सक्षम बन कर मजबूती के साथ खड़ा रहा है। जहां इस युद्ध से कई देशों में पेट्रोल-डीजल के दाम में वृद्धि, व्यापार में कमी, खाद्यान्न सहित जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति में कमी और शेयर बाजार में गिरावट का परिदृश्य उभर कर दिखाई दिया, वहीं भारत इन सब मुश्किलों के मद्देनजर बेहतर स्थिति में बना रहा है।

यह भी महत्त्वपूर्ण है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के साथ संघर्ष का भी भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर नहीं पड़ा। भारत का बड़ा घरेलू बाजार, कम निर्यात निर्भरता, सरकार के भारी पूंजीगत व्यय, बढ़ती क्रय शक्ति, मेक इन इंडिया और कृषि क्षेत्र में ऊंची सफलता ने देश को बाहरी आर्थिक झटकों को झेलने के लिए मजबूत स्थिति में रखा है।

युद्ध के दौर में भी भारत के निर्यात बढ़े हैं, और भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि हुई है। भारत की विकास दर चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 फीसद रहेगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वि आर्थिक परिदृश्य से जुड़ी रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते दिखाई देगा। निश्चित ही इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर का यह भी सबक है कि युद्ध सिर्फ आर्थिक ताकत और अत्याधुनिक एआई तकनीक के दम पर ही लड़े जाते हैं तथा केवल परमाणु हमले की धमकी से युद्ध नहीं जीते जाते। किंतु इस समय पाकिस्तान और चीन की युद्ध चुनौतियों के मद्देनजर भारत को परमाणु हथियारों को उन्नत होना भी जरूरी है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुताबिक परमाणु हथियारों की संख्या में कमी का युग खत्म हो रहा है।

अब परमाणु हथियारों में वृद्धि और हथियार नियंतणसमझौतों को छोड़ने की प्रवृत्ति दिख रही है। दुनिया के नौ परमाणु शक्ति-संपन्न देश-अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजरायल-सभी अपने परमाणु हथियारों को और उन्नत करने में जुटे हैं। भारत के पास 180 और पाकिस्तान के पास 170 परमाणु हथियार हैं। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि पाकिस्तान भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बुरी तरह पराजित होकर चीन की मदद से अपने परमाणु हथियारों को उन्नत करने की कोशिश में जुट गया है, ऐसे में भारत का उच्च परमाणु शक्ति बनना जरूरी है। उम्मीद करें कि सरकार इजरायल-ईरान युद्ध और ऑपरेशन सिंदूर से निकले उम्मीदों भरे आर्थिक-सामरिक सबक के मद्देनजर भारत को आर्थिक शक्ति, एआई की नई तकनीकों और उन्नत परमाणु शक्ति-संपन्न देश बनाने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

## तस्वीरों की दुनिया



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और रक्षा मंत्रालय तथा बीईएल के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में, रक्षा मंत्रालय ने नई दिल्ली में भारतीय सेना के लिए वायु रक्षा अग्नि नियंत्रण रडारों के लिए बीईएल के साथ 2,000 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के माले में भारत और मालदीव के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता में भाग लिया।




लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और भारतीय ब्लॉक पार्टियों के अन्य सांसद, संसद के मानसून सत्र के दौरान, नई दिल्ली में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए।



राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक सरकारी स्कूल की इमारत गिरने के बाद बचाव कार्य करते स्थानीय लोग। इस हादसे में कम से कम चार छात्रों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए।




कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में पार्टी के ओबीसी नेतृत्व - भागीदारी न्याय महासम्मेलन को संबोधित किया।



पटना में राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विपक्षी विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया।




लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के सांसद डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव और भारतीय ब्लॉक पार्टियों के अन्य सांसद, संसद के मानसून सत्र के दौरान, नई दिल्ली में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत पीएम मोदी ने मालदीव में लगाया आम का पौधा, राष्ट्रपति मुइज्जू रहे मौजूद



**माले, 26 जुलाई [एजेंसी]।**

प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत के एक पेड़ मां के नाम और मालदीव के 50 लाख वृक्षारोपण की प्रतिज्ञा अभियान के तहत आम के पौधे लगाए। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा, भारत और मालदीव जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय क्षरण की चुनौतियों को पूरी तरह समझते हैं। हम स्थायित्व को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव और उसके लोगों को उसकी आवश्यकताओं व प्राथमिकताओं के अनुसार मदद करने और हिंद महासागर क्षेत्र की शांति, प्रगति व समृद्धि के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव सरकार को आरोग्य मैत्री हेल्थ क्यूब (भीष्म) सेट की दो इकाइयां भी सौंपीं। इस क्यूब में अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण लगे हैं, जिससे यह आपात स्थिति में छह चिकित्सकर्मियों के दल के साथ 72 घंटों तक 200 घायलों को चिकित्सा सहायता प्रदान कर सकता है। इससे पहले दोनों नेताओं की मौजूदगी में मत्स्य पालन और जलीय कृषि, मौसम विज्ञान, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, यूपीआई, इंडियन फार्माकोपिया और रियायती ऋण व्यवस्था के क्षेत्र में छह एमओयू का आदान-प्रदान किया।प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और आव्रजन अधिकारियों के लिए 3,300 सामाजिक आवास इकाइयां और 72 वाहन भी सौंपे। दोनों नेताओं ने अड्डू शहर में एक सड़क एवं जल निकासी प्रणाली परियोजना और अन्य शहरों में छह हाई इम्पैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्टस का भी वर्चुअल उद्घाटन किया।

### ब्रिटिश मीडिया में छाया रहा भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता, ब्रेक्सिट से की गई तुलना

**लंदन 26 जुलाई।** भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते की ब्रिटिश मीडिया ने सराहना की है। मीडिया की ओर से कहा गया कि यह एक ऐसे बाजार का द्वार खोलता है जो 2050 तक चीन के बाद दूसरे स्थान पर आ सकता है। कई ब्रिटिश मीडिया संस्थानों ने इसे ब्रेक्सिट के बाद की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया। मीडिया जगत की ओर से कहा गया कि यह केवल इसलिए संभव हुई, क्योंकि ब्रिटेन अब यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है।डेली एक्सप्रेस ने, भारत के साथ अरबों पाउंड का ब्रेक्सिट व्यापार समझौता ब्रिटेन के लिए अच्छा क्यों है। शीर्षक से खबर प्रकाशित किया। इसमें लिखा भारत के साथ ब्रिटेन के शानदार व्यापार समझौते ने आज सुबह यूरोपीय संघ में बने रहने वालों को बेचैन कर दिया होगा। द टाइम्स के विश्लेषण का निष्कर्ष है कि भारत के साथ ब्रिटेन का व्यापार समझौता प्रयास के लायक है क्योंकि यह एक ऐसे बाजार का द्वार खोलता है जो 2050 तक चीन के बाद दूसरे स्थान पर आ सकता है। इस बीच, फाइनेंशियल टाइम्स ने प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन यात्रा के बारे में काफी आशावादी कवरेज दी, जो लगभग पूरी तरह से एफटीए या सीईटीए के इर्द-गिर्द घूमती रही, तथा टैरिफ कटौती पर मोटर वाहन क्षेत्र की मौन प्रतिक्रिया की ओर इशारा किया।

# बहुजनों के सिर से छत छीन लेना, भाजपा का मनुवादी सोच
## राहुल गांधी बोले- पीएम मोदी में कोई दम नहीं, सिर्फ दिखावा है



**नईदिल्ली, 26 जुलाई [एजेंसी]।**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को अशोक विहार के जेलरवाला बाग और वजीरपुर झुग्गी बस्ती का दौरा किया। इस दौरान स्थानीय लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। कांग्रेस ने इंटरनेट मीडिया (एक्स) पर राहुल गांधी के दौरे का वीडियो साझा करते हुए भाजपा सरकार की कार्रवाई को अन्यायपूर्ण बताया। राहुल गांधी ने अपने वाट्सएप चैनल पर लिखा कि जेलरवाला बाग में जो दृश्य उन्होंने देखा, वह अत्यंत दर्दनाक था। बहुजनों के अधिकारों का हनन, रोजगार और अवसरों की कमी, और अब सिर से छत छीन लेना, भाजपा की मनुवादी सोच को दर्शाता है। ज्ञात हो कि हाल ही में डीडीए ने जेलरवाला बाग और वजीरपुर में अवैध झुग्गियों पर कार्रवाई की थी। राहुल ने शुक्रवार सुबह लगभग आठ बजे अशोक विहार में प्रवेश किया, लेकिन स्थानीय कांग्रेस नेताओं को इसकी जानकारी नहीं थी। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। एक घंटे के दौरान, उन्होंने महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं से संवाद किया।राहुल ने अपने पोस्ट में कहा कि भाजपा द्वारा गरीब परिवारों को बेघर करना एक गंभीर अन्याय है। प्रशासन की आड़ में गरीबों को निर्ममता से कुचला जा रहा है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के साथ खड़े रहने और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। कांग्रेस ने इस घटना का वीडियो एक्स पर साझा किया, जिसमें दिखाया गया कि कैसे भाजपा सरकार ने अशोक विहार में लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने पीएम से कई बार व्यक्तिगत मुलाकात की है और पाया है कि वह सिर्फ दिखावा करते हैं। उनमें कोई दम नहीं है। राहुल की टिप्पणियों पर भाजपा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक लोकप्रिय वैश्विक नेता हैं, जो कांग्रेस नेता की पारिवारिक जागीर के लिए खतरा बने हुए हैं।तालकटोरा स्टेडियम में ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मीडिया ने ही प्रधानमंत्री का गुब्बारा फुलाया है और उनमें कोई खास दम नहीं है। आप जानते हैं कि राजनीति में सबसे बड़ी समस्या क्या है..नहीं, नरेन्द्र मोदी कोई बड़ी समस्या नहीं हैं। मैं आपको बता रहा हूं, ये आपने अपने सिर पर चढ़ा रखा है। ये जो मीडिया वाले हैं, इन्होंने इसका गुब्बारा बना रखा है। ये कोई समस्या नहीं हैं।

# फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता देगा फ्रांस, भड़के अमेरिका और इजरायल

**पेरिस, 26 जुलाई [एजेंसी]।**

फ्रांस फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देगा। लेकिन फ्रांस की योजना से अमेरिका और इजरायल भड़क उठे हैं। इजरायल ने इसे आतंकवाद को मान्यता देने और उसके समक्ष समर्पण करने वाला कदम बताया है। जबकि अमेरिका ने कहा है कि फ्रांस की घोषणा सात अक्टूबर, 2023 की घटना के पीड़ितों के मुंह पर तमाचा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सितंबर में होने वाली संयुक्त राष्ट्र आमसभा की बैठक में फलस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की है। भारत समेत 140 देश फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में पहले ही मान्यता दे चुके हैं। भारत ने 1988 में मान्यता दी थी। राष्ट्रपति मैक्रों ने उम्मीद जताई है कि फलस्तीन को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने से पश्चिम एशिया में शांति की संभावना पैदा होगी। मैक्रों ने यह घोषणा एक्स पर की है। मीडिया प्लेटफार्म पर उन्होंने इस आशय का वह पत्र भी साझा किया जो फलस्तीनी प्राधिकार के राष्ट्रपति महमूद अब्बास को भेजा है।मैक्रों ने यह घोषणा कर ब्रिटेन सहित अन्य यूरोपीय देशों पर फलस्तीन को मान्यता देने के लिए दबाव बना दिया है। मैक्रों ने कहा है कि वह जल्द ही इस संबंध में ब्रिटेन और जर्मनी के नेताओं से बात करेंगे। जबकि ब्रिटेन ने कहा है कि भविष्य में वह भी स्वतंत्र



फलस्तीनी राष्ट्र की मांग का समर्थन करते हुए उसे मान्यता दे सकता है लेकिन अभी जरूरत गाजा में युद्धविराम की है। उसके लिए मिलकर प्रयास किए जाने चाहिए। विदित हो कि फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी समेत 25 देशों ने इसी सप्ताह गाजा में राहत सामग्री की आपूर्ति से रोक हटाने और वहां पर स्थायी युद्धविराम लागू करने की मांग की थी जिसे इजरायल ने खारिज कर दिया था। यूरोप में यहूदियों और मुस्लिमों की सबसे ज्यादा आबादी वाला फ्रांस पहला प्रमुख पश्चिमी देश है जिसने फलस्तीन को मान्यता देने के संबंध में घोषणा की है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सबसे नजदीकी मित्र देशों में शामिल और जी 7 के सदस्य देश फ्रांस के निर्णय की निंदा की है। कहा, यह आतंकवाद को पुरस्कृत करने जैसा और ईरान के छद्म युद्ध को बढ़ावा देने वाला होगा। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि स्वतंत्र फलस्तीनी राष्ट्र केवल इजरायल को अस्थिर करने के लिए बनेगा, मुस्लिमों के शांति से रहने के लिए नहीं बनेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि फलस्तीनी उस स्थान पर अपना देश चाहते हैं जहां पर इजरायल है। जबकि अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र आमसभा में फलस्तीनी स्वतंत्र राष्ट्र के समर्थन के आह्वान की योजना को अमेरिका मजबूती से अस्वीकार करता है। इससे हमास के दुष्प्रचार को समर्थन मिलेगा और शांति के प्रयास को धक्का लगेगा।

### ओडिशा के सरकारी छात्रावास में दो नाबालिग छात्राएं गर्भवती, स्वास्थ्य जांच में हुआ खुलासा, मचा हड़कंप

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कंधमाल और मयूरभंज जिलों में स्थित अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग के आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाली दो नाबालिग छात्राएं नियमित स्वास्थ्य जांच के दौरान गर्भवती पाई गईं। इनमें से एक कक्षा 10वीं और दूसरी कक्षा 8वीं की छात्रा है। यह घटनाएं प्रदेश के आवासीय स्कूलों में छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न उठाती हैं।पहला मामला मयूरभंज जिले के एक आवासीय विद्यालय का है, जहां कक्षा 8 की छात्रा अचानक बीमार पड़ गई। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां परीक्षण के दौरान वह गर्भवती पाई गई।दूसरी घटना कंधमाल जिले के एक एसटी-एससी आवासीय विद्यालय की है। यहां कक्षा 10वीं की छात्रा के गर्भवती होने का पता तब चला जब छात्रावास की अधीक्षिका ने देखा कि वह कई महीनों से सैनिटरी नैपकिन नहीं मांग रही थी।संदेह होने पर छात्रा की जांच करवाई गई, जिसमें वह गर्भवती निकली। इसके बाद विद्यालय प्रमुख ने छात्रा के माता-पिता को सूचित कर थाने में शिकायत दर्ज कराई। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी घटनाएं केवल कंधमाल और मयूरभंज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इससे पहले भी कई नाबालिग छात्राओं के गर्भवती होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

### गुजरात में 185 पाकिस्तानी शरणार्थियों को मिली भारतीय नागरिकता, पीएम मोदी को दिया धन्यवाद



**राजकोट।** राजकोट के आत्मीय कालेज में आयोजित एक कार्यक्रम में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत 185 पाकिस्तानी शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता प्रदान की गई। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने इन लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए। ये लोग पाकिस्तान से विस्थापित होकर कच्छ, मोरबी और राजकोट जिलों में बस गए थे। इस अवसर पर अपने संबोधन में हर्ष सांघवी ने इस निर्णय के भावनात्मक और सामाजिक प्रभाव पर जोर दिया। मंत्री ने नए नागरिकता प्राप्त नागरिकों को सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया और वादा किया कि उन्हें सभी संबंधित सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इनमें से कई परिवार पाकिस्तान में डर के साये में जी रहे थे और उन्हें गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने मुझे बताया कि उनकी बेटियाँ स्कूल जाने से भी डरती थीं। वहां अल्पसंख्यकों के लिए कानून-व्यवस्था की स्थिति बेहद चिंताजनक है। उन्होंने इस बदलाव को संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नागरिकता संशोधन अधिनियम को भी श्रेय दिया। समारोह के दौरान, लाभार्थियों ने सरकार के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया।

# फेमस होने के चक्कर में नप गए! मर्सिडीज की बोनट पर लड़की ने बनाई रील, पुलिस के पचड़े में फंस गया बॉयफ्रेंड



**नईदिल्ली, 26 जुलाई [एजेंसी]।**

सोशल मीडिया की दुनिया में लोगों के जल्दी से जल्दी फेमस होने का बुखार चढ़ गया है। कोई अजीब हरकतें करके फेमस होना चाहता है तो कई लोग तो अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालकर रील बना रहे हैं।ऐसा ही एक मामला मुंबई से सामने आया है, जहां एक लड़की ने कार की बोनट पर चढ़कर रील बनाती दिखी। मामला नवी मुंबई का है। वीडियो में दिख रहा है कि लड़की एक मर्सिडीज कार की बोनट पर खड़े होकर वायरल Aura Farming डांस किया, जिसका वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गया। Aura Farming डांस का वीडियो 11 वर्षीय इंडोनेशियाई लड़के रियान अर्खान द्वारा बोट डांस करने के बाद पॉपुलर हुआ, जिसने पूरी दुनिया को अपनी स्टाइल से झूमने पर मजबूर कर दिया।इसी डांस को कॉपी करने के चक्कर में नवी मुंबई की रहने वाली लड़की ने चलती कार की बोनट पर चढ़कर वीडियो बनाया, जिसके बाद सोशल मीडिया पर सनसनी मच गई। पुलिस ने इसे लापरवाही और कानून तोड़ने वाला स्टंट करार दिया।

इस वीडियो के साथ कैप्शन था- "On My Way To The {~th Heartbreak With The Same Guy"। सुरक्षा की दृष्टि से लड़की के इस वीडियो को बेहद गैर-जिम्मेदाराना माना गया। वीडियो की जांच में पता चला कि कार चला रहा युवक लड़की का बॉयफ्रेंड है और उसके पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। इसके बाद नवी मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया और खतरनाक ड्राइविंग और जनसुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप में केस दर्ज किया।पुलिस अधिकारियों ने बयान जारी कर कहा कि सिर्फ सोशल मीडिया पर लाइक्स पाने के लिए इस तरह के स्टंट करना न सिर्फ गैरकानूनी है, बल्कि जानलेवा भी साबित हो सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे ट्रेंड के पीछे भागते हुए अपनी और दूसरों की जिंदगी खतरे में न डालें।

### विशाखापट्टनम से दिल्ली जा रही ट्रेन में फौजी ने महिला यात्री की सीट के पास किया पेशाब, हुआ गिरफ्तार

**ग्वालियर।** विशाखापट्टनम से हजरत निजामुद्दीन जा रही एपी एक्सप्रेस ट्रेन के थर्ड एसी कोच में यात्रा कर रही एक महिला की आरक्षित सीट के पास एक फौजी ने नशे की हालत में पेशाब कर दी।महिला यात्री की शिकायत पर टीटीई ने फौजी को ग्वालियर स्टेशन पर उतारकर रेलवे सुरक्षा बल के हवाले कर दिया। रेलवे अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।एपी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 20805 के कोच बी-5 की बर्थ 28 पर एक महिला यात्री झांसी से दिल्ली तक का सफर कर रही थी। रात का समय होने के कारण कोच में लाइटें बंद थीं। इसी ट्रेन में फौजी विजय कुमार भी विजयवाड़ा से दिल्ली जा रहा था। बताते हैं कि शराब के नशे में उसने शौचालय जाने के बजाय महिला यात्री की सीट के पास ही पेशाब कर दी। जिस समय यह घटना हुई, उस समय ट्रेन झांसी स्टेशन से रवाना हुई थी। आरपीएफ के अनुसार फौजी नशे की हालत में था।

# शोर-शराबे में धुल गया मानसून सत्र का पहला हफ्ता
## सोमवार से गतिरोध कम होने की उम्मीद, तैयारी में जुटे दल

**नईदिल्ली, 26 जुलाई [एजेंसी]।**



शोर-शराबे में संसद के मानसून सत्र का पहला सप्ताह धुल गया। लेकिन माना जा रहा है कि सोमवार से खासतौर पर लोकसभा की कार्यवाही सुचारू हो जाएगा। सोमवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा शुरू होनी है और दोनों पक्षों के सदस्य इसकी तैयारी में जुट गए हैं। शुक्रवार को भी संसद के दोनों सदन राजनीति का अखाड़ा बने रहे। बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के मुद्दे पर विपक्ष ने शोरशराबा किया। विपक्ष ने जिन मुद्दों पर सदन नहीं चलने दिया, उन्हें ही सदन के बाहर जोरशोर से उठाया। मकर द्वार के सामने सांकेतिक कूड़ेदान बनाकर रख दिया।फिर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा सांसद डिंपल यादव समेत कई सांसदों ने एसआईआर लिखी पर्चियां फाड़ीं और कूड़ेदान में डालकर विरोध प्रदर्शित किया। पैदल मार्च भी निकाला। पूरे सप्ताह दोनों पक्षों में सदन चलाने की सहमति सिर्फ उन मामलों में दिखी, जो जनहित से जुड़ी न होकर स्वयं संसद सदस्यों से संबंधित थी। जैसे गुरुवार को राज्यसभा में तमिलनाडु के छह सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा था, लिहाजा तब तक सदन चलने दिया गया जब तक उनके विदाई भाषण चले। उसके तुरंत बाद हंगामा शुरू हो गया। शुक्रवार को भी तभी तक शांति रही, जब तक नए सदस्यों कमल हासन (एमएनएम), राजाथी, एसआर शिवलिंगम और पी. विल्सन (द्रमुक) का शपथ ग्रहण चला। जैसे ही उपसभापति हरिवंश ने प्रश्नकाल की घोषणा की, वैसे ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके चलते दो बार सदन स्थगित करना पड़ा। मतदाता पुनरीक्षण पर संसद के बाहर दोनों खेमों ने जमकर बयानबाजी की। मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा गरीबों का मताधिकार छीनने की है।

सरकार डर के कारण मतदाता सूची पुनरीक्षित करने का प्रयास कर रही है। वहीं, जदयू सांसद संजय झा ने कहा कि एसआईआर बिहार में 2003 में भी एक महीने में ही हुआ था। सरकार भी उन्हीं की थी। विपक्ष क्या चाहता है। जिन 21 लाख लोगों की मृत्यु हो गई, उनका वोट डलवाना चाहता है। जो 26 लाख लोग स्थायी रूप से शिफ्ट हो गए हैं, वे दो जगह वोट डालें। समाजवादी पार्टी के नेता प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा कि हम शांतिपूर्ण तरीके से सरकार से मांग कर रहे हैं कि लोकतंत्र की हत्या करना बंद करो। सत्ता पक्ष की ओर से केंद्रीय मंत्री व जदयू सांसद ललन सिंह ने कहा कि जिस मतदाता की मृत्यु हो गई या स्थायी रूप से बिहार से चला गया है, वह क्यों वोट दे।

# बच्चे बोलते रहे छत गिर रही है, टीचर ने डांटकर चुप करा दिया! झालावाड़ हादसे में सनसनीखेज खुलासा



**जयपुर, 26 जुलाई [एजेंसी]।**

राजस्थान में प्रशासन की निष्क्रियता ने सात नौनिहालों की जान ले ली। स्कूल जाकर पढ़-लिखकर जीवन में कुछ करने का उनका सपना झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव स्थित सरकारी स्कूल की छत के मलबे के नीचे हमेशा के लिए दफन हो गया। शुक्रवार सुबह बारिश के दौरान स्कूल भवन के एक कमरे की छत गिरने से पांच बच्चों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।इनकी उम्र सात से 13 वर्ष के बीच है। नौ बच्चों की हालत गंभीर है। 12 बच्चे दूसरे अस्पताल में भर्ती हैं। छह बच्चों को देर शाम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी को पद से हटाने के साथ ही प्रधानाध्यापिका सहित पांच शिक्षकों को निलंबित किया गया था। देर रात शिक्षा विभाग के पांच कर्मचारी निलंबित कर दिए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर दुख जताया है। आठवीं तक के स्कूल में सात कमरे हैं, जिनमें चार कमरों में ही कक्षाएं संचालित होती हैं। स्कूल में कुल 73 विद्यार्थी हैं, जिनमें शुक्रवार को 71 आए थे। कई दिनों से हो रही बारिश शुक्रवार को भी जारी रही। इस कारण सातवीं कक्षा में 35 और दूसरी कक्षा में 36 विद्यार्थी बैठाए गए थे। उसी कमरे की छत गिरी, जिनमें 35 विद्यार्थी थे। दोनों कमरों की छत टपकती थी और बारिश का पानी रिसता था।आठवीं की छात्रा टीना ने बताया कि सुबह 7.40 पर बारिश के दौरान कमरे में छत से कंकर और बजरी के साथ पानी गिरने लगा तो उसने बाहर खड़े शिक्षक जावेद को बताया लेकिन उन्होंने डांट कर चुप करा दिया। कुछ ही देर में छत गिर गई और 35 बच्चे दब गए। दूसरे कमरे का कुछ हिस्सा भी गिर गया। बताया जा रहा कि स्कूल में मौजूद दोनों शिक्षक बाहर बात कर रहे थे। तीन शिक्षक हादसे के कुछ देर बाद पहुंचे।ग्रामीणों ने मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे में मारे गए बच्चों में दो भाई-बहन भी हैं। छोटू लाल का सात साल का बेटा कान्हा और 13 वर्षीय बेटी मीना की मौत हो गई।इस मामले में हर स्तर पर लापरवाही बरती गई। स्कूल की इमारत की हालत खस्ता होने के बावजूद इसे जर्जर सूची में शामिल नहीं किया गया। अब हादसे की जांच से पहले प्रशासन ने स्कूल के बचे हुए हिस्से को भी गिरा दिया। बताया जा रहा है कि शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने 14 जुलाई को पत्र लिखकर जिला शिक्षा अधिकारियों से कहा था कि जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत हो, जर्जर भवनों में पढ़ाई नहीं होनी चाहिए।

जिला कलेक्टर अजय सिंह राठौड़ ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए थे कि जो भवन जर्जर हों, वहां बारिश के समय छुट्टी कर दी जाए लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। एक महीने पहले सभी जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई के लिए कहा था, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने कभी भवन जर्जर होने की सूचना नहीं दी।शिक्षा विभाग के निदेशक सीताराम जाट ने जिला कलेक्टर को कटघरे में खड़ा किया। कहा कि उन्हें इस बारे में पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी। भवन की मरम्मत कराते या दूसरे भवन में कक्षा लगवाने की व्यवस्था करते। प्रधानाध्यापक को भी सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए था।हादसे के बाद ग्रामीणों ने झालावाड़-मनोहरथाना मार्ग पर टायर जलाकर जाम लगा दिया। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने मृतकों के स्वजन को एक करोड़ की मदद और सरकारी नौकरी की मांग की है। छात्र नेता नरेश मीणा ने मौके पर पहुंचकर हंगामा करने का प्रयास किया तो पुलिस ने उन्हे हिरासत में ले लिया।

### श्रीलंका पर्यटन को दे रहा बढ़ावा, अब 40 देशों को मुफ्त वीजा देने की योजना

**कोलंबो।** पर्यटन को बढ़ावा देने और आर्थिक सुधार को बनाए रखने के अपने प्रयासों के तहत श्रीलंका 40 अतिरिक्त देशों के लिए मुफ्त पर्यटक वीजा नीति का विस्तार करेगा। श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिथा हेराथ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि यह कदम पिछले सप्ताह कैबिनेट द्वारा सात पात्र देशों की मौजूदा सूची को बढ़ाकर 40 करने की मंजूरी के बाद उठाया गया है।चीन, भारत, इंडोनेशिया, रूस, थाईलैंड, मलेशिया और जापान के नागरिकों के लिए मार्च 2023 से मुफ्त वीजा व्यवस्था पहले से ही लागू है।अब 40 की सूची में शामिल देशों में ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, पाकिस्तान, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। सरकार को वीजा शुल्क माफी के कारण 6.6 करोड़ डॉलर का वार्षिक राजस्व नुकसान होगा।हेराथ ने कहा कि पर्यटकों के आगमन में वृद्धि से होने वाले अप्रत्यक्ष आर्थिक लाभ इस नुकसान से कहीं अधिक होंगे। उन्होंने कहा कि हमने अर्थव्यवस्था को स्थिर कर दिया है और पर्यटन में नीतिगत बदलावों के माध्यम से हमारा लक्ष्य आगमन में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित करना है।

### बब्बर खालसा के आतंकी को किराए पर मकान देने पर भवन स्वामी गिरफ्तार, जानकारी छुपाने का आरोप



**इंदौर , 26 जुलाई [एजेंसी]।**

बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य आकाशदीप उर्फ बाज को किराए पर मकान देने वाले भवन स्वामी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके साथ क्रेन संचालक हरभजन सिंह को भी हिरासत में लिया है। दोनों पर जानकारी छुपाने का आरोप है।अमृतसर के चनानके निवासी 22 वर्षीय आकाशदीप उर्फ बाज को दिल्ली की स्पेशल सेल ने न्यू गायत्री नगर से गिरफ्तार किया था। बीकेआई से जुड़ा आकाशदीप बटाला में किला लाल सिंह थाने में रॉकेट लांचर से हमला कर भागा था। दिल्ली पुलिस ने बताया कि आकाशदीप इंदौर के निर्माणाधीन आइएसबीटी में क्रेन चलाने का काम करने लगा था। पुलिस ने क्रेन संचालक हरभजन सिंह को भी पकड़ा। मूलतः पंजाब निवासी हरभजन ने बताया कि वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से आकाशदीप मिला था। हरभजन ने उसे अपने कमरे में ही रहने को कह दिया। दोनों शहर के गायत्री नगर में राम सिंह मालवीय के मकान में किराए पर रहने लगे। पुलिस ने राम सिंह को भी गिरफ्तार किया है। पूछताछ ने उसने बताया कि आकाशदीप व हरभजन के बारे में उसने थाने में जानकारी नहीं दी थी। पुलिस से किराएदारों का सत्यापन भी नहीं करवाया था।

# मानसून के दौरान लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रखने के लिए अपनाएं ये तरीके

**मानसून के दौरान नमी भरे मौसम के कारण लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाए रखना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में कई महिलाएं परेशान हो जाती हैं क्योंकि उनकी लिपस्टिक जल्दी ही फीकी पड़ जाती है। हालांकि, कुछ आसान उपायों को अपनाकर आप अपनी लिपस्टिक को पूरे दिन बरकरार रख सकती हैं। आइए कुछ ऐसे तरीके जानते हैं, जिनसे आपकी लिपस्टिक पूरे दिन तक टिक सकती है।**

होंठों को साफ और मुलायम बनाएं

लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाने के लिए सबसे पहले अपने होंठों को साफ और मुलायम बनाएं। इसके लिए आप घर पर ही एक स्क्रब बना सकती हैं। एक चम्मच चीनी, आधा चम्मच शहद और कुछ बूंदें जैतून का तेल मिलाएं। इस मिश्रण को होंठों पर हल्के हाथों से रगड़ें और फिर गुनगुने पानी से धो लें। इसके बाद होंठों पर मॉइस्चराइजर लगाएं।



लिपलाइनर का उपयोग करें

लिपलाइनर का उपयोग करने से लिपस्टिक फैलने से बचती है और आपके होठों को एक साफ-सुथरा रूप मिलता है। अपने होंठों के प्राकृतिक आकार के अनुसार लिपलाइनर से अपने होठों की सीमा को तय करें। इससे लिपस्टिक को सही जगह पर रहने में मदद मिलती है और यह लंबे समय तक टिकी रहती है। लिपलाइनर का उपयोग करके आप अपने होठों को एक सुंदर और आकर्षक रूप दे सकती हैं, जिससे आपकी लिपस्टिक पूरे दिन तक बरकरार रहती है।

मैट लिपस्टिक चुनें

मानसून के दौरान ऐसी लिपस्टिक चुनें, जिसमें चमक कम हो और मैट फिनिश हो। मैट लिपस्टिक नमी को सहन कर सकती है और लंबे समय तक टिकती है। मैट लिपस्टिक का फॉर्मूला आपके होंठों पर एक हल्की परत बनाता है, जो उसे नमी से बचाता है और पूरे दिन तक टिका रहता है। इसके अलावा मैट लिपस्टिक का रंग भी गहरा होता है, जिससे आपके होंठों को एक आकर्षक रूप मिलता है।

अतिरिक्त नमी को हटाएं

अगर आपके होंठों पर ज्यादा तेल या नमी जमा हो गया है तो उसे हटाने के लिए किसी ऐसे कागज का इस्तेमाल करें जो नमी सोख सके। यह आपके होंठों को ताजा बनाए रखेगा और लिपस्टिक को फैलने से रोकेगा। इस तरीके से आप अपने होठों को साफ-सुथरा रख सकती हैं और लिपस्टिक की चमक को बनाए रख सकती हैं। यह तरीका खासकर उन दिनों में बहुत फायदेमंद होता है जब मौसम ज्यादा नम होता है।

पाउडर का हल्का छिड़काव करें

लिपस्टिक लगाने के बाद थोड़ा-सा पाउडर अपने होंठों पर लगाएं। इससे लिपस्टिक पूरी तरह से सेट हो जाएगी और पूरे दिन तक टिकी रहेगी। पाउडर आपके होंठों की तेलीयता को नियंत्रित करता है और लिपस्टिक के रंग को बेहतर बनाता है। इससे आपकी लिपस्टिक न केवल लंबे समय तक चलती है बल्कि आपकी सुंदरता को भी बढ़ाती है। यह तरीका खासकर उन दिनों में बहुत फायदेमंद होता है जब मौसम ज्यादा नम होता है।



## लकड़बग्घा 2 में शामिल हुईं सारा जेन डियास, बोलीं- इसका लंबे समय से सपना देख रही थी

अभिनेत्री सारा जेन डियास अब फिल्म लकड़बग्घा 2- द मंकी बिजनेस की कास्टिंग टीम में शामिल हो गई हैं। इस बात की जानकारी अभिनेता और फिल्म निर्माता अंशुमन झा ने दी है।

फिल्म से जुड़ने को लेकर अपनी खुशी जताते हुए सारा जेन डियास ने कहा, मुझे लकड़बग्घा 1 बहुत पसंद आई थी। जब मैंने सुना कि यह फिल्म एक ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा है जिसमें जानवरों से प्यार करने वाला एक हीरो है, और अब यह कहानी आगे बढ़ रही है, तो मैं बहुत उत्साहित हो गई। ऐसी फिल्में बहुत कम मिलती हैं जो एक्शन के साथ कोई अच्छा मकसद भी दिखाएं, जिसमें बेजुबान जानवरों की रक्षा करना शामिल हो।

उन्होंने कहा कि लकड़बग्घा 2 आज के समय से जुड़ी हुई और भावनाओं से भरी फिल्म है।

सारा ने कहा, इस फिल्म ने मुझे वो मौका दिया, जिसका मैं लंबे समय से सपना देख रही थी। मैं स्क्रीन पर एक्शन करना चाहती थी। मैं बहुत खुश हूं कि अंशुमन ने मुझे फिल्म का हिस्सा बनाया। बाकी टीम के साथ इस सफर में शामिल होकर अच्छा महसूस हो रहा है।

अंशुमन ने अपने सोशल मीडिया पर सारा के शामिल होने की जानकारी देते हुए लिखा कि सारा के आने से लकड़बग्घा की टीम और भी ताकतवर और दमदार हो गई है। वह पर्दे पर एक शांत लेकिन जबरदस्त असर लेकर आती हैं।

उन्होंने कहा, सारा की ताकत, सादगी और गहराई उन्हें लकड़बग्घा की दुनिया के लिए एकदम सही बनाती है। इस बार सिर्फ हमारी टीम वापस नहीं आई है, बल्कि और भी ज्यादा मजबूत, दमदार और गहराई से भरी हुई है। रिद्धि के बाद अब सारा के आने से हमारी कहानी में भावनाएं भी बढ़ी हैं और इसकी पहुंच भी।

लकड़बग्घा 2- द मंकी बिजनेस की शूटिंग जारी है। इसे इसी साल सर्दियों में रिलीज किया जाएगा।

इस फिल्म के पहले पार्ट में रिद्धि डोगरा और अंशुमन झा नजर आए थे। दोनों एक बार फिर इसके दूसरे पार्ट में दिखाई देंगे। इसके साथ ही फिल्म में सनी पांग भी अहम किरदार में हैं।

लकड़बग्घा 13 जनवरी 2023 को रिलीज हुई थी और जुलाई 2023 में इसका प्रीमियर जर्मनी के स्टटगार्ट में हुए 20वें इंडियन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था।

## एली अवराम-आशीष चंचलानी का म्यूजिक वीडियो चंदनिया आउट, फैंस बोले गलत किया भाई!

यूट्यूबर आशीष चंचलानी और अभिनेत्री एली अवराम का वीडियो सॉन्ग चंदनिया शनिवार को रिलीज हो गया है। वहीं, आशीष ने इंस्टाग्राम पर अकाउंट पर इसका वीडियो शेयर किया है।

आशीष चंचलानी ने इंस्टाग्राम पर गाने का वीडियो शेयर किया, जिसमें कैप्शन दिया, हमारा म्यूजिक वीडियो आ गया है। 'चंदनिया' नाम का ये गाना एक रोमांटिक सॉन्ग है, जिसमें एली और आशीष रोमांस करते नजर आ रहे हैं। गाने को मिथुन ने कंपोज किया है और विशाल मिश्रा ने इसे गाया है, वहीं, इसके बोल सईद कादरी ने लिखे हैं। पोस्ट शेयर करने के बाद आशीष के फैंस कमेंट सेक्शन में अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, मुझे पता था तो दूसरे ने लिखा धोखा-धोखा-धोखा। किसी ने लिखा, गलत किया आशीष भाई आपने। बता दें, 12 जुलाई को आशीष और एली ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की थी, जिसे देखकर सोशल मीडिया यूजर्स ये कयास लगा रहे थे कि दोनों ने अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर जाहिर कर दिया है। आशीष चंचलानी ने इंस्टाग्राम पर एली के साथ एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें वह अभिनेत्री के काफी करीब दिखे थे। वहीं, एली अवराम ने हाथ में फूल लिए थीं। दोनों मुस्कुरा रहे थे। तस्वीर शेयर करते हुए आशीष चंचलानी ने कैप्शन में लिखा, फाइनली।

# डाइट में शामिल करें नारियल, इसे खाने से मिल सकते हैं कई लाभ

नारियल एक ऐसा फल है, जो न केवल स्वाद में अच्छा है, बल्कि कई पोषक तत्वों से भरपूर भी है। आमतौर पर नारियल को मिठाइयों और अन्य व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके छिलके समेत इसमें कई ऐसे गुणकारी तत्व मौजूद होते हैं, जो रोजाना एक नारियल खाने पर शरीर को मिल सकते हैं। आइए जानते हैं कि रोजाना एक नारियल खाने से क्या-क्या स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।



हृदय को स्वस्थ रखने में है सहायक

नारियल में ऐसे तत्व होते हैं, जो खराब कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके हृदय को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा नारियल में शरीर की सुरक्षा के लिए उपयोगी तत्व होते हैं, जो हृदय को स्वस्थ रखने के साथ ही हृदय से जुड़े जोखिमों से सुरक्षित रखने में सहायक हैं। यह हृदय को सेहतमंद बनाए रखने के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करने में है कारगर

नारियल में मौजूद तत्व शरीर को संक्रमण और बीमारियों से लड़ने में मदद कर सकते हैं, जिससे शरीर की सुरक्षा क्षमता को मजबूती मिलती है। इसके अलावा इसमें फाइबर और मैग्नीशियम भी होता है, जो शरीर की सुरक्षा को बेहतर बनाने में सहायक हैं। नारियल के पानी में कई ऐसे खनिज भी होते हैं, जो शरीर की सुरक्षा बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं।

पाचन क्रिया के लिए है फायदेमंद

नारियल में मौजूद फाइबर पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा सकता है। फाइबर कब्ज की समस्या को दूर करने और मल त्याग को आसान बनाने का काम कर सकता है। इसके अलावा नारियल में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स और अन्य गुण पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। नारियल का पानी भी पाचन क्रिया के लिए लाभदायक है क्योंकि यह पाचन क्रिया को ठंडक पहुंचाने का काम कर सकता है।

हड्डियों को मजबूती देने में है सक्षम

नारियल में हड्डियों को मजबूत बनाने वाले तत्व होते हैं, जो हड्डियों को ताकत देने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें ऐसे खनिज भी मौजूद होते हैं, जो हड्डियों और दांतों के विकास के लिए जरूरी पोषक तत्व हैं। नारियल में मौजूद अन्य तत्व हड्डियों को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं। यह हड्डियों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

त्वचा के लिए है फायदेमंद


नारियल का इस्तेमाल त्वचा के लिए भी लाभदायक हो सकता है। इसमें मौजूद तत्व त्वचा की नमी को बरकरार रखने में मदद कर सकते हैं। सूखे नारियल को दबाकर इसका तेल निकालें, फिर इसे त्वचा पर लगाएं। इसमें त्वचा को ठंडक पहुंचाने वाले गुण भी होते हैं। नारियल में मौजूद विटामिन्स और अन्य गुण त्वचा की समय से पहले होने वाली चमक को रोक सकते हैं। यह त्वचा के लिए लाभकारी हो सकता है।

## शहनाज गिल की लेटेस्ट ग्लैमरस तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर मचाया धमाल



अभिनेत्री और सिंगर शहनाज गिल ने एक बार फिर अपने ग्लैमरस अवतार से सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा दिया है. उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह गोल्डन सीक्विन मिनी ड्रेस में कहर ढाती नजर आ रही हैं. ये लुक न सिर्फ स्टाइलिश है बल्कि पूरी तरह से बोल्ड और ग्लैमरस वाइब दे रहा है. इस पोस्ट में शहनाज ने लिखा, सिर्फ़ एक नज़र नहीं... यह एक पूरा पल है ज्ज और वाकई में उनका ये लुक एक यादगार मोमेंट बन गया है. पिंक बैकड्रॉप के सामने स्टाइलिश पोज़ देती शहनाज के इस फोटोशूट ने फैंस को दीवाना बना दिया है. उनकी ड्रेस डिजाइनर रियल्म बाय वैशाली द्वारा डिज़ाइन की गई है, जबकि मेकअप, हेयर और स्टाइलिंग पर पूरी टीम ने बेहतरीन काम किया है. इस पोस्ट को अब तक लाखों लोग लाइक कर चुके हैं और कमेंट्स में फैंस आग और दिल वाले इमोजी से उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे.गोल्डन ड्रेस में शहनाज का यह बोल्ड अंदाज़ उनके अब तक के लुक्स में से सबसे ग्लैमरस माना जा रहा है. खुलते बाल, न्यूड मेकअप और शिमरी टोन उनके लुक को और भी हाइलाइट कर रहे हैं. उनके इस लुक से नज़रें हटाना मुश्किल हो रहा है.कुछ ही घंटों में इस पोस्ट पर हजारों लाइक्स और शेयर आ चुके हैं. परफेक्ट मेकअप स्टूडियो से लेकर सेलेब्रिटी दोस्तों तक, सभी ने शहनाज के इस लुक की तारीफ की है.शहनाज ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वह न सिर्फ टैलेंटेड आर्टिस्ट हैं, बल्कि एक फैशन ट्रेंडसेटर भी हैं. अब फैंस को उनकी अगली ऑन-स्क्रीन अपीयरेंस का बेसब्री से इंतजार है.

## सैयारा बॉक्स ऑफिसः मालामाल हुई अहान पांडे की फिल्म, पहले वीकेंड 100 करोड़ के करीब पहुंची



सैयारा ने अपनी रिलीज के तीन दिन पूरे कर लिए हैं. फिल्म बीती 18 जुलाई को वर्ल्डवाइड रिलीज हुई थी. सैयारा साल 2025 की आठवीं सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली फिल्म है. सैयारा ने अपनी ओपनिंग कमाई से रेड 2, जाट और सितारे जमीन पर का रिकॉर्ड तोड़ा है. सैयारा 20 जुलाई को अपना पहला वीकेंड पूरा कर चुकी है और फिल्म आज 21 जुलाई को अपने पहले सोमवार में एंटर कर चुकी है. सैयारा ने अपने पहले रविवार कितने की कमाई की है और फिल्म अपने पहले वीकेंड में कितना कलेक्शन कर चुकी है आइए जानते हैं. सैकनिल्क की मानें तो फिल्म सैयारा ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 21 करोड़ रुपये से ओपनिंग ली थी. अहान पांडे और अनीत पड्डा की लव-स्टोरी फिल्म ने दूसरे दिन यानि पहले शनिवार 25 करोड़ रुपये और तीसरे दिन यानि पहले रविवार 37 करोड़ रुपये (अनुमानित) का कलेक्शन किया है. सैयारा ने अपने पहले वीकेंड में 83 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. सैयारा के प्रति दर्शकों के क्रेज को देखते हुए अब 100 करोड़ रुपये के आंकड़ें को छूने में ज्यादा वक्त नहीं लेगी. बता दें, फिल्म सैयारा को मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया है. इससे पहले वह आशिकी 2 और एक विलेन जैसी लव-स्टोरी फिल्में डायरेक्ट कर चुकें हैं. फिल्म सैयारा से अहान पांडे ने डेब्यू किया है, जो कि चंकी पांडे के भतीजे और अनन्या पांडे के कजिन हैं. फिल्म यशराज बैनर तले बनी है. फिल्म को लेकर कई सेलेब्स ने भी पॉजिटिव रिस्पॉन्स दिया है. मोहित ने एक बार फिर अपनी अनोखी प्रेम कहानी से युवाओं का दिल जीत लिया है और ज्यादातर लोगों का यही कहना है कि उन्होंने फिर सिनेमाघरों में आशिकी 2 वाला जादू चलाया है। एक ओर जहां इस फिल्म में अहान-अनीत की जोरदार केमिस्ट्री ने दर्शकों को उनका दीवाना बना दिया है, वहीं वर्ड ऑफ माउथ का भी इस फिल्म को जबरदस्त फायदा मिल रहा है। फिल्म में अहान ने कृष और अनीत ने वाणी का किरदार निभाया है।

## सू- दोकू क्र.117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | [illegible] | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## शब्द सामर्थ्य -117

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकूल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 116 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | वी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

## बॉक्स ऑफिस पर तन्वी द ग्रेट को नहीं मिल रहे दर्शक

मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा के साथ 18 जुलाई को अनुपम खेर की तन्वी द ग्रेट और सोनाक्षी सिन्हा की निकिता रॉय भी सिनेमाघरों में रिलीज हुईं, लेकिन सैयारा के शोर में ये दोनों फिल्में कहीं दब सी गईं। जहां एक ओर तन्वी द ग्रेट पहले दिन से ही दर्शकों के लिए तरस रही है, वहीं निकिता रॉय की भी हालत पस्त है। आइए जानें तीसरे दिन निकिता रॉय और तन्वी द ग्रेट ने कितनी कमाई की।

भले ही तन्वी द ग्रेट ने कई बड़े फिल्म फेस्टिवल में वाहवाही लूटी, लेकिन रिलीज के बाद यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। फिल्म ने 40 लाख रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर खराब शुरुआत की, वहीं दूसरे दिन इसने 54 लाख रुपये कमाए। सैकनिल्क के मुताबिक, तन्वी द ग्रेट ने तीसरे दिन 68 लाख रुपये का कारोबार किया। इस लिहाज से अब भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 1.62 करोड़ रुपये हो गई है।

तन्वी द ग्रेट 21 साल की तन्वी रैना की कहानी है, जो ऑटिज्म डिसऑर्डर से पीड़ित है। फिल्म में तन्वी का किरदार शुभांगी दत्त निभा रही हैं।

# भूमिगत जल बचाओ अभियान का आह्वान



**कोरिया बैकुंठपुर।** वाटरशेड ऑर्गनाइजेशन ट्रस्ट एवं एचडीएफसी परिवर्तन, एफडीपी परियोजना के अंतर्गत शासकीय ऊच्त्तर माध्यमिक विद्यालय - सुन्दरपुर के साथ संयुक्त अभिसरण तथा शासकीय ऊच्त्तर माध्यमिक विद्यालय - सुन्दरपुर भंवरपाल सिंह (प्राचार्य) के मार्गदर्शन एवं सहयोग से विकास खंड सोनहत के ग्राम सुन्दरपुर में भूमिगत जल बचाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़, जिसे भारत का धान का कटोरा कहा जाता है, प्राकृतिक संसाधनों और कृषि परंपरा से समृद्ध है। लेकिन हाल के वर्षों में भूजल स्तर में खतरनाक गिरावट देखी गई है, जिसका मुख्य कारण अनियंत्रित दोहन, बदलता मानसून और सिंचाई व घरेलू उपयोग के लिए बढ़ती मांग है। भारी मानसूनी वर्षा के बावजूद, राज्य के कई हिस्सों में मौसमी जल संकट की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए बोरवेल और ट्यूबवेल पर अत्यधिक निर्भरता के कारण भूजल स्तर तेजी से घट रहा है। दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव और बिलासपुर जैसे जिलों में केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्टों में भूजल स्तर में गिरावट दर्ज की गई है सफल कृषि के लिए जल एक महत्वपूर्ण घटक है। पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ, उपयोगी जल फसलों और पशुओं को फलने-फूलने में सक्षम बनाता है। कृषि संबंधी लाभों के अलावा, जल कई संवेदनशील या संरक्षित भूमियों, जैसे आर्द्रभूमि, के पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए भी आवश्यक है। सोनहत, कई अन्य क्षेत्रों की तरह, सीमित संसाधनों के साथ जल आवश्यकताओं को संतुलित करने की चुनौती का सामना कर रहा है। छत्तीसगढ़ अपनी नदियों के लिए जाना जाता है, लेकिन दैनिक उपयोग के लिए स्वच्छ, मीठे पानी की उपलब्धता एक बढ़ती हुई चिंता का विषय है। वाटर संस्था से कार्यक्रम समन्वयक विनायक शर्मा ने कहा हमें यह समझना होगा कि जल एक असीमित संसाधन नहीं है, और इसका संरक्षण हमारे और हमारे समुदाय के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पानी बचाना केवल एक व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी नहीं है, यह एक सामूहिक ज़िम्मेदारी है। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य भंवरपाल सिंह ने कहा साथ मिलकर काम करके, हम अपने समुदाय और आने वाली पीढ़ियों के लिए इस बहुमूल्य संसाधन के संरक्षण में महत्वपूर्ण बदलाव ला सकते हैं। आइए, अपने दैनिक जीवन में जल संरक्षण के लिए सचेत प्रयास करें और सोनहत के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित करें जल संरक्षण का संकल्प लेने में हमारे साथ जुड़ें। आइए, जल संरक्षण को सिर्फ़ एक नारा नहीं, बल्कि एक आदत बनाएँ। कार्यक्रम में शाला के छात्र/छात्राए , शिक्षक , प्राचार्य भंवरपाल सिंह, ग्राम विकास समिति के सदस्य , वाटर संस्था से विनायक शर्मा एवं संस्था के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले के 10 परीक्षा केंद्रों में 3 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में आगामी 27 जुलाई को आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में शुक्रवार को जिला सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में परीक्षा से जुड़े सभी पर्यवेक्षकों और उड़नदस्ता दल के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने व्यापमं के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।



इन केंद्रों पर 3,166 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा, निगरानी और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 10 आब्जर्वर, 5 रिजर्व टीमें, तथा उप पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को जिला पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय आदर्श रामानुज उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय आदर्श कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल (महलपारा एवं बैकुंठपुर), स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल बैकुंठपुर, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल खरवत, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सलका, सेंट जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल रामपुर, सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर। परीक्षा प्रात 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित होगी। अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ के 2 घंटे पूर्व केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रारंभ के 15 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। प्रत्येक अभ्यर्थी की हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर व मैनुअल तलाशी की जाएगी। केंद्र में एक पुरुष और एक महिला पुलिसकर्मी की तैनाती अनिवार्य होगी। उड़नदस्ता दल परीक्षा केंद्रों के भीतर और बाहर निगरानी रखेगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े और चप्पल पहनकर आएं। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा कक्ष में मोबाइल, घड़ी, पर्स, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि लाना पूरी तरह निषेध है। धार्मिक पोशाक पहनने वाले अभ्यर्थियों को समय से पहले रिपोर्ट करना होगा और अतिरिक्त जांच उपरांत ही प्रवेश मिलेगा। तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ. विनय कुमार शुक्ला और पुलिस आरक्षक राजेश शांडिल्य को उड़नदस्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने सभी परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे निर्देशों का पालन करें और समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचकर शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी परीक्षा में सहयोग प्रदान करें।

## गणित विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर देवव्रत पाण्डेय ने बढ़ाया गौरव



**कोरिया बैकुंठपुर।** नगर पंचायत पटना निवासी और शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सोरगा में गणित विषय के व्याख्याता देवव्रत पाण्डेय को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने यह उपाधि आईएसबीएम यूनिवर्सिटी, गरियाबंद से गणित विषय में अवकल समीकरणों के विश्लेषण में सैद्धांतिक विधियाँ विषय पर शोध कर प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, स्कूल स्टाफ और शुभचिंतकों में हर्ष की लहर है। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि उनके शोध में प्रयुक्त गणितीय सिद्धांतों का उपयोग न केवल शैक्षणिक जगत में, बल्कि इंजीनियरिंग, बायोलॉजी, आर्थिक नीति निर्माण और रोग नियंत्रण जैसी जटिल समस्याओं के समाधान में भी किया जा सकता है। उनकी यह उपलब्धि न केवल शिक्षा जगत के लिए प्रेरणास्पद है, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के लिए भी एक मिसाल है।

# कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश-तय सीमा में बने आयुष्मान और वय वंदन कार्ड

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण और चिकित्सा सुविधा देकर सामान्य श्रेणी में लाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एनआरसी में बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता को भी पोषण शिक्षा और परामर्श दिया जाना चाहिए। कलेक्टर ने उच्च जोखिम गर्भावस्था (एचआरपी) के मामलों की नियमित निगरानी, विशेष रूप से हर माह 9 तारीख को होने वाली जांच में प्राथमिकता से चिन्हांकन व उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की उपेक्षा से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा की, धीमी प्रगति पर बैकुंठपुर के बाल विकास परियोजना अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई गई।

कलेक्टर ने कहा कि कुपोषण और उच्च जोखिम गर्भावस्था के मामलों में सुधार हमारी जिम्मेदारी है, लेकिन विभागीय निष्क्रियता चिंता का विषय है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सुधार नहीं हुआ तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत और वय वंदन कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए सोनहत, पटना, बचरा-पोड़ी और बैकुंठपुर के ब्लॉक प्रोग्राम प्रबंधकों को 30 जुलाई तक शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित आधार शिविरों में लाभार्थियों को पहुंचाकर कार्ड बनवाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी सामुदायिक, प्राथमिक व उप-स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत कर्मियों की आधार आधारित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और स्पष्ट कहा कि समय पर स्वास्थ्य केंद्रों में उपस्थित न होने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय मजबूत करने के निर्देश दिए और कहा कि अगली बैठक भी दोनों विभागों की संयुक्त उपस्थिति में की जाएगी। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी एनएस रावटे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## ऑफिस के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** आमानाका हर्षित कॉर्पोरेट के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बोरियाखुर्द टिकरापारा निवासी शेखर साहू 26 वर्ष ने सरस्वती नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केडी 7918 को आमानाका स्थित हर्षित कॉर्पोरेट के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## मवेशी तस्करी करते पिकअप चालक गिरफ्तार

**रायपुर।** पारागांव से निजरा के मध्य आरंग पुलिस ने मवेशी तस्करी करते पिकअप चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मवेशी से दो भैस और एक पड़िया जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पारागांव से निजरा के मध्य दबिश देकर पिकअप क्रमांक सीजी 06 जीजे 5902 को रोककर तलाशी लिए तो उसमें दो भैस और एक पड़िया मिला। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक आशीष यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में पशु अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## गांजा के साथ बुजुर्ग गिरफ्तार

**रायपुर।** गोबरानवापारा पुलिस ने कृषि उपज मंडी के पास गांजा के साथ एक बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नवापारा स्थित कृषि उपज मंडी के पास दबिश देकर आरोपी घसीया साहू 75 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 1 किलो 500 ग्राम गांजा जब्त किया है।

## मौसम विभाग ने भारी वर्षा को लेकर जारी किया रेड अलर्ट

**रायपुर।** राजधानी सहित पूरे प्रदेश में झमाझम वर्षा हो रही है। मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री आज वर्षा के बावजूद अपने गृहग्राम बगिया हेलीकॉप्टर से पहुंचे। भारी वर्षा होने के कारण महानदी, शिवनाथ, केलो, खारून, इन्द्रावती सहित अन्य नदियों के जल स्तर बढ़ते जा रहे हैं। वहीं मौसमी नालाओं में भी जल स्तर बढ़ने के कारण कई जगह यातायात प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा से मिली जानकारी के अनुसार खाड़ी में एक अवदाब बनने से यहां पर अच्छी वर्षा हो रही है। जिसके कारण ओड़िसा, झारखण्ड, छत्तीसगढ़ एवं पूर्व मध्यप्रदेश में अच्छी वर्षा हो रही है। आज सभी 28 जिलों में झमाझम वर्षा हो रही है, जिसके कारण कृषि कार्य में तेजी आ गई है। हमारे जशपुर संवाददाता के अनुसार मुख्यमंत्री जशपुर जिले के ग्राम बगिया में अपने गृहग्राम पहुंचे।

## छत्तीसगढ़ के माटीपुत्र शहीद कौशल यादव नौजवानों के प्रेरणास्त्रोत : अरूण साव

**रायपुर।** भारत माता के सच्चे सपूत छत्तीसगढ़ महतारी के लाल शहीद कौशल यादव की राजधानी शहर रायपुर के शहीद कौशल यादव चौक काली माता मंदिर के सामने अगले एक माह के भीतर रायपुर नगर पालिक निगम के माध्यम से भव्य मूर्ति चौक का सौंदर्गीकरण करते हुए स्थापित की जायेगी। इस संदर्भ की घोषणा आज नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग और जोन क्रमांक 4 द्वारा काली माता मंदिर के सामने शहीद कौशल यादव चौक पर शहीद दिवस पर शहीद कौशल यादव के 26 वें शहादत दिवस पर राज्य के उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव ने मंच से की।

उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव ने नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे से अनुरोध किया एवं रायपुर नगर निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप को मंच से निर्देश दिया कि अगले एक माह के भीतर शहीद कौशल यादव चौक कालीमाता मंदिर के सामने रायपुर नगर पालिक निगम के माध्यम से शहीद कौशल यादव की पुण्य मधुर स्मृतियां चिरस्थायी बनाने चौक का सौंदर्यीकरण करते हुए शहीद कौशल यादव की भव्य मूर्ति चौक पर सादर ससम्मान स्थापित किया जाना सुनिश्चित किया जाये। उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव ने कहा कि इसके लिए जितनी राशि की आवश्यकता होगी, वह राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के माध्यम से रायपुर नगर पालिक निगम को तत्काल उपलब्ध करवा दी जाएगी। भारत माता के सच्चे सपूत एवं छत्तीसगढ़ महतारी के लाल छत्तीसगढ़ के माटी पुत्र शहीद कौशल यादव की शहादत की पुण्य मधुर स्मृतियां चिरस्थायी बनाने भव्य मूर्ति स्थापना और चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा शहीद कौशल यादव चौक में किया जाये। शहीद कौशल यादव के 26 वें शहादत दिवस शहीद दिवस पर रायपुर नगर पालिक निगम के संस्कृति विभाग एवं जोन क्रमांक 4 द्वारा रखे गये पुष्पांजलि आयोजन में उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव ने कहा कि 25 जुलाई 1999 में कारगिल युद्ध में भारत माता के सच्चे सपूत और छत्तीसगढ़ महतारी के लाल राष्ट्र की सेवा करते हुए वीर गति को प्राप्त हुए इसके पूर्व शहीद कौशल यादव ने दुश्मन देश पाकिस्तान के 12 घुसपैठिये आंतकवादियों को मौत की नींद सुला दिया और भारत की कारगिल विजय की नींव वीर गति को प्राप्त होने के पूर्व रख दी। कारगिल युद्ध के बाद से भारतीय सेना की युद्ध कौशल क्षमता लगातार बढ रही है, एयर स्ट्राइक, सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर इसका जीवंत प्रमाण है।

## काम बंद आंदोलन 22 अगस्त को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन केंद्र के समान महंगाई भत्ता, डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने सहित अन्य मांगों को लेकर 22 अगसत को काम बेद आंदोलन करेगा। इसके तहत सभी जिला मुख्यालय में सामूहिक काम बंद करके प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी सफलता के लिए फेडरेशन के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिलों का प्रभार दिया गया है। ये प्रभारी पदाधिकारी जिला स्तर पर बैठक आयोजित कर आंदोलन की रूपरेखा निर्धारित करेंगे। इसके तहत रायपुर जिले का प्रभार कमल वर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, जीआर चंद्रा, बलरामपुर व जशपुर का प्रभारी ओंकार सिंह, नृपेंद्र सिंह व विकास कश्यप को बनाया है। राजनांदगांव जिले का प्रभारी राजेश चटर्जी व दुर्ग और कबीरधाम का प्रभारी जीआर चंद्रा को नियुक्त किया गया है। ये प्रभारी पदाधिकार सभी जिलों में 10 अगस्त तक बैठक करके आंदोलन की सफलता को निर्धारित करेंगे।

## मानव तस्करी का मामला, 6 संदिग्ध गिरफ्तार

**रायपुर।** मानव तस्करी के आरोप में 6 संदिग्धों को आज जीआरपी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इनसे अभी पूछताछ की जा रही है, इनमें दो नन भी शामल हैं। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार कोण्डागांव जिले के एक निजी अस्पताल में काम करने वाली दो किशोरियां आगरा जा रही थी। बताया जाता है ये आगरा में एक निजी अस्पताल में काम करने के लिए जा रही थी, लेकिन कतिपय हिन्दू संगठनों का शिकायत है कि इन्हें धर्मातरण कराने के लिए ले जा रहा था। इस शिकायत के पश्चात पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। राज्य के उत्तर छत्तीसगढ़ से ही मानव तस्करी हुमन ट्रैकिंग का मामला भी कई बार आ चुका है। इन सभी लड़कियों को अस्पताल में काम करने ले जाया जाता है, इसके पश्चात इन्हें धर्मांतरण करा दिया जाता है। जशपुर, बगिचा क्षेत्र से बड़ी संख्या में लड़कियों को ले जाया जाता है।




# पुलिस ने स्कूली छात्रों को साइबर अपराध से बचने के बताए टिप्स

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में साइबर, महिला, यातायात सुरक्षा एवं नशे से बचाव के लिए जिले की पुलिस के द्वारा व्यापक तौर पर जन जागरूकता का अभियान चलाकर स्कूली छात्रों को इन विषयों पर जागरूक कर रही है। शुक्रवार, 25 जुलाई 2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो के मार्गदर्शन में थाना जयनगर पुलिस के द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल, चौकी खड़गवां ने हाईस्कूल धरमपुर, चौकी लटोरी ने हाईस्कूल करवां, थाना विश्रामपुर ने शासकीय हाईस्कूल, थाना रामानुजनगर ने हाईस्कूल परशुरामपुर, थाना भटगांव के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर जरही के स्कूली छात्रों को साइबर अपराध से बचाव के लिए ''साइबर कॉप अभियान'', महिला व छात्रों की सुरक्षा के लिए ''पुलिस रक्षा टीम'', नशे से दूरी है जरूरी अभियान ''नवजीवन'', यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने और जन जागरूक के लिए ''सुगम सफर अभियान'' इन चारों विषयों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। इन आयोजनों के दौरान छात्रों के द्वारा यातायात, नशे से बचाव, साइबर अपराध से बचाव संबंधी अपने सवालों का जिक्र भी किया जिसका समाधान पुलिस अधिकारियों के द्वारा किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बढ़ रहे साइबर अपराधों के सम्बन्ध में जागरूक किया। इस दौरान बताया कि किसी अन्जान व्यक्ति से अपना ओटीपी शेयर न करें। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड होता है तो वह तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते ऐसे मामलों में कार्रवाई की जा सके।

वहीं साइबर अपराध से बचाव के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, जिसमें एटीएम कार्ड का प्रयोग करते समय अनजान व्यक्तियों से सहयोग लेने से बचने व अपने एटीएम पिन को छिपाकर प्रयोग करने से संबंधित जानकारी दी गई। वहीं अनजान व्यक्ति फोन करने वाले को अपने बैंक खाता संख्या, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड, एटीएम नम्बर पिन की जानकारी और ओटीपी कतई न बताने की जानकारी दी। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रदर्शित किए जाने वाले लुभावने विज्ञापनों से प्रभावित होकर वस्तुओं के खरीदने से बचें या खरीदने से पहले विक्रेता की भलि-भांति सत्यापन करने और अपना प्रोफाइल लॉक रखने कहां। पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहने के निर्देश दिए। वहीं किसी भी कस्टमर केयर से संपर्क करने के लिए अधिकृत वेबसाइट में दिए गए हेल्पलाइन नंबर का ही प्रयोग करने की समझाईश दी। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि गूगल से किसी भी कस्टमर केयर का नंबर सर्च न करें, नहीं तो आपको आर्थिक नुकसान हो सकता है। वहीं केवाईसी के नाम पर एनीडेस्क, टीम विवर, क्विक सपोर्ट, आदि ऐप्स डाउनलोड न करें। जालसाज इसके माध्यम से आपके मोबाइल कम्प्यूटर का एक्सेस लेकर धोखाधड़ी कर सकते है। इसलिए अनजान लिंक को कतई न खोलें, न ही किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर लिंक ओपन करें। पुलिस के द्वारा सुरक्षित यातायात एवं जन जागरूकता के लिए सुगम सफर अभियान के तहत छात्रों को बताया कि यातायात नियमों का पालन हमारे जीवन में सुरक्षा, व्यवस्था और सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि दूसरों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है।यातायात नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं और चोटों का खतरा कम होता है, सड़कों पर यातायात सुचारू रूप से चलता है और भीड़भाड़ कम होती है, यातायात नियमों का पालन करने से लोगों में अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है और हम सभी की एक नैतिक कर्तव्य है जो सभी सड़क उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और सामंजस्यपूर्ण वातावरण बनाने में मदद करता है। पुलिस ने छात्रों से यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित आवागमन करने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न चलने, कार चलाने एवं बैठने पर सीट बेल्ट का उपयोग करने की समझाईश दी। नशे से दूरी है जरूरी अभियान ''नवजीवन'' के तहत पुलिस अधिकारियों ने छात्रों से कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाने के लिए समाज और पुलिस की साझेदारी का मजबूत प्रयास है। इसका मुख्य उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के नुकसान के बारे में जागरूक करना, उन्हें नशे से दूर रखना और जो पहले से नशे की चपेट में हैं, उन्हें सही परामर्श और उपचार के लिए प्रेरित करना है। छात्रों को कहा कि लोगों को नशा से बचाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है, जब आप जागरूक होंगे तभी औरों को भी इसके प्रति जागरूक कर सकेंगे। नशा न केवल स्वास्थ्य को खराब करता है, बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा और भविष्य को भी नुकसान पहुंचाता है। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण व स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# दो जिंदगी समाप्त होने पर प्रशासन हुआ सख्त, 12 घंटे की नो एंट्री

## गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया ट्रैक्टर चालक पर

**कोरबा।** सभी प्रकार की कोशिश करने के बाद भी कोरबा जिले में सड़क हादसों का ग्राफ कम नहीं हो पा रहा है। ओवर स्पीडिंग के साथ-साथ ड्रंकन ड्राइव और ट्रैफिक रूल्स की अपेक्षा करना इस प्रकार के दुर्घटनाओं के लिए सबसे अहम कारण माने जा रहे हैं। पिछली रात हुई सड़क दुर्घटना में दो जिंदगियां समाप्त हो गई। आकर्षित लोगों के द्वारा कई घंटे चक्का जाम करने के बाद प्रशासन सख्त हुआ और अब उसने कोरबा चंपा मार्ग पर ऊरगा इलाके में 12 घंटे के लिए नो एंट्री लागू कर दी। सुबह 10 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारी वाहनों का परिचालन इस रास्ते पर बंद रहेगा।

ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से इस घटना में 30 वर्षीय अयोध्या पटेल पिता अमृतलाल पटेल और 40 वर्षी पुरुषोत्तम पटेल पिता मनउ पटेल की मौके पर मौत हो गई। बरीडीह निवासी यह दोनों रिश्ते में चाचा भतीजे थे। उरगा से बाइक पर अपने घर जाने के दौरान ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया और उनकी जिंदगी छीन ली। उरगा पुलिस ने इस मामले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा में मर्ग कायम किया। जबकि चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला रजिस्टर किया गया है।

खबर के अनुसार इस घटनाक्रम को लेकर कई घंटे स्थानीय लोगों ने चक्का जाम कर दिया। इस प्रदर्शन के चलते मुख्य मार्ग पर काफी



समय तक छोटी बड़ी गाड़ियों का आवागमन बंद रहा और लोग परेशान हुए। बाद में प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के द्वारा समझाइश देने पर लोगों ने प्रदर्शन समाप्त किया। और उन लोगों को राहत दी जो जान के कारण दोनों दिशाओं में या तो फस गए या फिर उन्हें वैकल्पिक रास्ता का उपयोग करना पड़ा।

### मुआवजा और रोजगार देना तय

सड़क हादसों की वजह से आम लोगों के जीवन पर मंडरा रहे खतरे ने प्रशासन और पुलिस को चिंता में डाल दिया। ऐसी घटनाओं के कारण लॉ एन्ड ऑर्डर की स्थिति उत्पन्न हो रही है। बताया गया कि पिछली रात हुई घटना को लेकर प्रशासन ने संबंधित क्षेत्र में भारी वाहनों के परिचालन को 12 घंटे तक के लिए नो एंट्री जोन घोषित कर दिया है। इस प्रकरण में मृत्यु को प्राप्त हुए दोनों व्यक्तियों के परिजन को पांच-पांच लाख रुपए का मुआवजा और एक हसरत को प्राइवेट रोजगार दिए जाने पर सहमति हुई।

## कारगिल विजय दिवस पर नेताजी चौक में कार्यक्रम आज

**कोरबा।** पूर्व सैनिक संघ के द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में आज शाम 6.00 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहे पर कार्यक्रम रखा गया है। कैप्टन मुकेश अदलखा ने बताया कि पाकिस्तान के खिलाफ भारत की विजय के संदर्भ में प्रतिवर्ष स इस प्रकार के कार्यक्रम 26 जुलाई को करने की परंपरा रहीं है। इसका निर्वहन आज किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत कारगिल विजय की खुशी मनाने के साथ उन शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी जो सीमा क्षेत्र में काफी कठिन परिस्थितियों के बीच दुश्मनों से लोहा लेने के साथ वीरगति को प्राप्त हुए। पूर्व सैनिक संगठन पिछले वर्षों से कारगिल विजय दिवस मनाता रहा है । इस सिलसिले में आज शाम शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति की जाएगी। नागरिक समुदाय से आग्रह किया गया है कि वह अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

## महिला समिति को मिला हॉलर मील

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रबंधन द्वारा नरई बोध की दिशा महिला समिति को हॉलर मील प्रदान किया गया है। इस दौरान एसईसीएल अधिकारी सहित महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष प्रभा तंवर व महामंत्री भूनेश्वरीदास मौजूद थी। गेवरा प्रबंधन द्वारा समय-समय पर समितियों को सहयोग किया जाता रहा है। इसी कड़ी में दिशा महिला समिति को हॉलर मील प्रदान किया गया।

## एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन की परेशानी बड़ी

# कैसे हुई कोयला चोरी, पहेली को हल करने में छूटा पसीना

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कुसमुंडा प्रबंधन के सामने इस समय सबसे मुश्किल पहेली यह बनी हुई है कि आखिर तकनीकी और मैनुअल सिस्टम पर जमकर खर्च करने के बावजूद आखिर ऐसी कौन से चेहरे हैं जो कंपनी को ही चपत लगाने में लगे हुए हैं। 2 दिन पहले 84 टन कोयला की चोरी पकड़े जाने पर कई प्रकार के सवाल खड़े हो गए हैं। कहा जा रहा है कि मामला ऊपर तक पहुंच गया है और वहां से जवाब देने को कहा गया है।

इस मामले में जांच पड़ताल के बाद चार ट्रक पकड़ लिए गए। वे ब्रिज पर जमीन की फिर से तौल कराई गई तो लाखों रुपए कीमत का 84 टन कोयला अतिरिक्त पाया गया। जबकि संबंधित गाड़ियों के लिए जो डिमांड ऑर्डर प्रस्तुत किया गया था उसमें कोयला की मात्रा कम थी।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के स्थानीय प्रबंधन की ओर से दावा किया जा रहा है कि संबंधित गाड़ियों की ओवरलोडिंग को रोड सेल विभाग ने पकड़ा। इसके बाद आगे की कार्रवाई हुई।

लेकिन इस पूरे प्रकरण में एक बात तो साफ है कि जब तक अंदरूनी स्तर पर सेटिंग नहीं हो सकती इस प्रकार के गड़बड़ कार्य हो ही नहीं सकते। सबसे अहम सवाल यह भी उठ रहा है कि अगर कोयला खदानों में छोटे लोग इस प्रकार के कामकाज कर रहे हैं तो इसकी पूरी संभावना है कि बड़े अधिकारियों का संरक्षण उन्हें मिला हुआ होगा। इसलिए अब कोयला चोरी की इस पहेली को सुलझाने के लिए अफसर को माथा चलाना पड़ रहा है।

**कोयला चोरी कोई नई बात नहीं**

वैसे भी यह बात जग जाहिर है कि कोरबा जिले में स्थित साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की माइंस में कोयला चोरी का सिलसिला काफी समय से चल रहा है। कई वर्ष पहले ऑर्गेनाइज्ड क्राईम के तौर पर कोयला चोरी के साथ-साथ खदानों से स्क्रैप और डीजल की चोरी भी बड़े पैमाने पर हुई। दावे किए जाते रहेगी ऐसे कार्यों के लिए नेताओं के संरक्षण में काम का ठेका भी दिया गया। ऐसी स्थिति में माइंस एरिया में सुरक्षा के काम से लगी हुई एजेंसियों और उनके कर्मियों के हाथ बन्धकर रह गए। भाजपा सरकार आने के बाद कानून व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए काफी सख्ती की गई और इसके नतीजे सामने आए। काफी समय तक कोल माइंस में चोरी चकारी जैसे मामले लगभग कम हो गए लेकिन अब फिर से उनकी वापसी ने हर किसी को परेशान किया है।

## धर्मसम्राट करपात्री महाराज को याद किया ब्राह्मण समाज ने

**कोरबा।** सर्व ब्राह्मण समाज कोरबा ने आज अवतरण दिवस पर पूज्यपाद जगद्गुरु धर्म सम्राट करपात्री जी महाराज की पूजा अर्चना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समाज के सदस्यों ने वे विप्र वाटिका में उपस्थिति दर्ज करने के साथ यहां संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ जनों ने करपात्री जी महाराज के द्वारा समाज और धर्म के क्षेत्र में निभाई गई अपनी भूमिका को रेखांकित किया। बताया गया कि गोवंश संरक्षण और अन्य संबंधित महत्वपूर्ण विषयों को लेकर उन्होंने जो कार्य किया है उसे हमेशा याद रखा जाएगा।

# दिया तले अंधेरा: 2 दिन में स्थिति नहीं सुधरी तो प्रदर्शन

## कटघोरा की समस्या को लेकर लोगों ने दिया अल्टीमेटम

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ और देश में कोरबा जिले का नाम बिजली उत्पादन करने को लेकर है। छत्तीसगढ़ पावर जनरेशन कंपनी, एनटीपीसी, भारत अल्युमिनियम कंपनी और दूसरे प्लांट को मिलाकर 7000 मेगावाट बिजली का उत्पादन कोरबा जिले से हो रहा है । इतना सब कुछ होने पर भी नजदीकी क्षेत्र में दिया तले अंधेरा वाली स्थिति बनी हुई है। कटघोरा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर लोगों ने सीएसईबी को अल्टीमेटम दिया है । 2 दिन में हालात ठीक नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन होगा।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि निरंतर बिजली कटौती से वर्षा ऋतु में उत्पन्न होने वाले जहरीले जीव-जंतु रात के समय दिखाई नहीं देते, जिससे जनहानि की संभावना बढ़ गई है। इसके अलावा नगर के अधिकांश वार्डों को अब ग्रामीण फीडर से जोड़ा गया है, जिससे उन्हें नियमित शहरी फीडर से बिजली नहीं मिल पा रही है। परिणामस्वरूप कई इलाकों में घंटों तक अंधेरा छाया रहता है और नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। दो माह पूर्व नगर में आयोजित एक बैठक में कार्यपालन अभियंता द्वारा लचर विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया गया था। लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है।

कटघोरा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव लखनपाल के साथ ही नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 2 दिवस के भीतर विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु नहीं किया गया तो वे नगर पालिका कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करेंगे।

## विद्युत प्रवाह के संपर्क में आकर समाप्त हो गया प्लंबर

**कोरबा।** पोड़ी बहार मोहल्ले में एक प्लंबर की करंट से चिपक कर मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि दीपक यादव सुबह के वक्त शिव साहू नमक ठेकेदार के अधीन काम करने गया हुआ था इसी दौरान करंट के लगने से उसकी मौत हो गई।

मृतक दीपक यादव के चाचा अशोक और पिता रामलाल यादव ने बताया कि रोज की भांति दीपक शिव साहू के पास काम करने के लिए गया हुआ था। शिव साहू ने पौड़ी बहार मोहल्ले में काम लिया हुआ था, जहां दीपक अपने साथियों के साथ पहुंचा और काम काज शुरू किया। इसी दौरान करंट से चिपक कर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि की ठेकेदार द्वारा सुरक्षा उपकरण मुहैया नहीं कराने के चलते मौत की घटना घटी है। मृतक दीपक यादव के शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे परिजनों ने ठेकेदार को तलब कर उससे 10 लाख रुपए मुआवजे की मांग की। इस दौरान ठेकेदार ढाई लाख रुपए देने पर सहमत हुआ, जिसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

## मटमैले पानी की आपूर्ति की शिकायत

कोरबा। नगर निगम सहित कई निकाय क्षेत्रों में बारिश के मौसम में मटमैला पानी आने की शिकायत लोगो द्वारा की जा रही है। खबर के अनुसार कुछ मामलों में शिकायतों का निराकरण किया गया है। वहीं निगम के जलापूर्ति विभाग का कहना है कि बारिश में टर्बिडिटी से ऐसा होता है।

## चैतराम बने अध्यक्ष

**कोरबा।** कल कुसमुंडा में बरेठ समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें चुनाव समिति के मिलापराम कर्ष व कमला बरेठ उपस्थित थे। कार्यकारिणी का गठन करते हुए चैतराम कर्ष को कुसमुंडा इकाई का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके एक दिन पहले बलगी इकाई में बैठक हुई थी, जिसमें नंद कुमार बरेठ को अध्यक्ष बनाया गया। अब बालको व कोरबा इकाइ की बैठक होगी, जिसमें पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। इसके बाद जिलाध्यक्ष का चुनाव होगा। जिसके लिए कई नाम सामने आ रहे हैं। तैयारी करते हुए कई कार्यकर्ताओं ने संपर्क करना शुरू कर दिया है। पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष कर्ष व मिलापराम कर्ष भी अपने कार्यकाल में अच्छा कार्य किया है। देखना यह है कि आने वाले दिनों में कौन जिलाध्यक्ष बनता है। इकाईयों में चुनाव के बाद यहां के कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के रिपोर्ट समय-समय प्रस्तुत करेंगे।

## एचपीसी दर पर वेतन देने के लिए बनाया दबाव

**कोरबा।** एसईसीएल दीपका परियोजना में कार्यरत कालिंगा कमर्शियल कॉर्पोरेशन कंपनी के कर्मचारियों ने हाई पावर कमेटी (एचपीसी) की अनुशंसा के अनुसार वेतन भुगतान की मांग को लेकर विरोध दर्ज कराया है। हेल्पर, सुपरवाइजर सहित अन्य श्रमिकों ने चेतावनी दी है कि यदि 28 जुलाई 2025 तक एचपीसी दर पर वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।

कर्मचारियों ने बताया कि 10 नवंबर 2023 को हुई बैठक में एचपीसी दरें लागू करने पर सहमति बनी थी, लेकिन आठ माह बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज श्रमिकों ने इसे अपने अधिकारों का उल्लंघन बताया है।

प्रबंधन की अनदेखी से आक्रोशित कर्मचारियों ने जिला श्रम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सप्ताह भर में एचपीसी दर पर वेतन दिया जाए। आंदोलन की चेतावनी के साथ उन्होंने कहा कि यदि मांगे पूरी नहीं हुईं तो इसका जिम्मेदार प्रबंधन और संबंधित अधिकारी होंगे।

इस मांग के समर्थन में गोपाल राठौर, गोपाल सिंह विश्वास, राकेश भगत, माहीलाल यादव, विनोद यादव, सुरेन्द्र मंडल, बसीर अली, राजू यादव, रामभरोस कश्यप, अशोक कुमार, मुकेश पाटले, सुखीराम साहू व रामरतन ने पुरजोर तरीके से अपनी बात को रखा।

## धर्मांतरण और लव जिहाद के खिलाफ

**कोरबा।** कोरबा सहित विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हो रही अवैध प्रकार की गतिविधियों को लेकर लोगों की नाराजगी बढ़ रही हैं। उच्च स्तर पर जानकारी देने के बाद कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए कोरबा में हिन्दू आक्रोश रैली आज 26 जुलाई को की जा रही है।

छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी संत महाराज रामबालक दास महाराज, ऑपरेशन घर वापसी के प्रमुख कार्यकर्ता प्रबल प्रताप सिंह जूदेव और अंजू गभेल इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होंगे। धर्म सेना की ओर से बताया गया कि लव जिहाद, धर्मांतरण से लेकर कई प्रकार के कार्यों का विस्तार कोरबा जिले में हो रहा है। इसके कारण डेमोग्राफी के खतरे बढ़ रहे हैं और कई प्रकार की समस्याएं पैदा हो रही है। कहा गया कि दोपहर 3 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहे से रैली निकाली जाएगी और इसके बाद जिलाधीश कार्यालय पहुंचकर प्रशासन को अनेक बिंदुओं पर ज्ञापन दिया जाएगा। आयोजन करने वालों ने कहा है कि लगातार इस प्रकार के मामले सामने आने पर भी उदासीनता दिखाई जा रही है वह समझ से परे हैं इसलिए हमें प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## बीकेकेएमएस करेगा गेट मीटिंग

**कोरबा।** बीकेकेएमएस द्वारा कोल इंडिया स्तर पर आंदोलन करने के लिए प्रबंधन को 14 सूत्रिय मांग पत्र सौंपा गया है। जिसके तहत आज से सभी कंपनियों में गेट मीटिंग शुरू हो रहा है। कोरबा-कुसमुंडा क्षेत्र में हीरेन्द्र चंद्रा व रंजय सिंह एवं गेवरा दीपका क्षेत्र में रामनारायण साहू व रमेश गुरूद्वान के नेतृत्व में आंदोलन किया जाएगा। आज गेवरा क्षेत्र में गेट मीटिंग के साथ आंदोलन का शुभारंभ किया जाएगा। इस गेट मीटिंग में मदन सिंह, प्रीतम राठौर, वीरेन्द्र राठौर, कुलदीप कुमार, बाबू सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद

## बांकी ब्लाक में कांग्रेस की होगी बैठक

**कोरबा।** पिछले दिनों पूर्व मंत्री डॉ. प्रेमसाय का कोरबा आगमन हुआ था। संगठन को मजबूत करने के लिए सभी ब्लाकों में मंडल बनाए जाने की बात कही गई है। जिसके तहत सभी ब्लाकों में अलग-अलग प्रभारी बनाए गए हैं। हरदीबाजार में धरम निर्मले, बांकीमोंगरा में सपना चौहान, कटघोरा ग्रामीण में अशोक मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। आज बांकीमोंगरा के ब्लाक अध्यक्ष टीकाराम मनहर के निवास स्थान पर बैठक होगी, जिसमें कांग्रेस के जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान शामिल होंगे। इसके अलावा प्रभारी सपना चौहान भी मौजूद रहेंगी। कांग्रेस के कार्यकर्ता संजय आजाद, नवल किशोर पंडित, परमानंद सिंह, अजय प्रसाद, कृष्णा दास, फिरोज, राजेश मानिकपुरी के द्वारा बैठक की तैयारी की जा रही है। कटघोरा ग्रामीण ब्लाक अध्यक्ष गोरेलाल यादव ने बताया कि उनके ब्लाक में अशोक मिश्रा आकर बैठक लेंगे। यहां पर 6

# कटाईनार में पुलिया जर्जर, साइड वॉल न होने से जोखिम की बनी स्थिति

## पार्षद अश्विनी ने कराया ध्यानाकर्षण

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र के बाकी मोगरा सूराकछार, बलगी क्षेत्र में कई स्थानों पर समस्या बनी हुई है। इसके कारण जोखिम की स्थिति निर्मित हुई। अगर लोग सतर्कता ना बरते तो बड़े हादसे हो सकते हैं।

नगर पालिका परिषद बांकीमोगरा के भाजपा पार्षद अश्विनी मिश्र ने सब एरिया मैनेजर का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराया है। उन्होंने लिखित रूप से पूरे मामले की जानकारी दी है। अश्विनी ने बताया कि कटाइनार क्षेत्र में संजय पान ठेला के नजदीक मुख्य सड़क की पुलिया जर्जर है। इस पर साइड दीवाल नहीं होने से हादसे का खतरा बना हुआ है। कुछ स्थानों पर सड़क बदहाल हो चुकी है। इन सब कारण से लोगों को आने-जाने में समस्याओं से 2-4 होना पड़ रहा है। सब एरिया मैनेजर को बताया गया कि यह क्षेत्र आपके इलाके में आता है और यहां से संबंधित समस्याओं को दूर करना भी प्रबंधन की जिम्मेदारी है। आगाह किया गया है कि इस मामले में उपेक्षा दिखाने का मतलब दुर्घटना को आमंत्रण देना है। संबंधित अधिकारियों को भी इस बारे में सूचना दी गई है और कहा गया है कि व्यापक जनहित से जुड़े इस मामले पर गंभीरता दिखाएं और समय पर जरूरी उपायों को करने की मानसिकता भी बनाएं। इससे पहले अश्विनी की ओर से अपने वार्ड के अंतर्गत लोगों की समस्याओं को हल करने के लिए नगर पालिका



अधिकारी के शासन जिला प्रशासन तक पत्राचार किया गया है। याद रहे अश्विनी की पॉजिटिव अप्रोच पर ही नगर पालिका की ओर से जिला प्रशासन को पिछले दिनों एक प्रस्ताव भेजा गया, जिस पर डिस्टिक मिनिरल फाऊंडेशन से 13 लख रुपए की राशि स्काई लिफट की खरीदी करना स्वीकृत किया गया है।

## सुभाष ब्लॉक क्षेत्र की सड़क में खराबी

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत सुभाष ब्लॉक कॉलोनी के प्रमुख रास्ते की हालात ने उन लोगों को मुश्किल में डाल रखा है। सड़क बनने के कुछ दिनों के बाद ही इसकी दुर्दशा शुरू हो गई थी और अब बाकी कसर बारिश में पूरी कर दी है। कई जगह पर बड़े-बड़े गड्ढे तैयार होने से आवागमन करने में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। तेज बारिश होने के साथ इस समस्या का विस्तार और भी ज्यादा हो रहा है। लोगों ने एसईसीएल प्रबंधन से कहां है कि वह सड़क निर्माण के पूरे मामले की जांच पड़ताल कारण ताकि इसका सुधार कार्य होना भी तय हो सके। एसईसीएल में सिविल कार्यों को लेकर अकसर शिकायतें आती रही है। कहा जा रहा है कि ऐसे सभी कार्यों में अधिकारी और ठेकेदारों के बीच कमीशन की तगड़ी हिस्सेदारी होती है इसलिए गुणवत्ता का ध्यान नहीं रहता।

# छत्तीसगढ़ चेंबर की जिला कार्यकारिणी गठित की अध्यक्ष अग्रवाल ने

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंद्रास्ट्रीज की कोरबा जिला कार्यकारिणी गठित हुई है। अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने पदाधिकारियों का मनोनयन किया है। संरक्षक मंत्री लखन लाल देवांगन, कंवरलाल मनवानी, श्रीकांत बुधिया, अशोक मोदी, राजेंद्र अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, श्याम सुंदर सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष परसराम रामानी, महामंत्री गजानंद अग्रवाल बनाए गए हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश सोनी ने बताया कि नई बॉडी में कोषाध्यक्ष नितिन गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष सुरेश चावलानी, उपाध्यक्ष संजय बुधिया, गौरी शंकर अग्रवाल, नितीश डालमिया, पवन अग्रवाल, परमानन्द अग्रवाल, जनरल सिंह, रवि लालवानी, कैलाश टॉक, रोहित असरानी, प्रेमचंद रामचंदानी, सुभाष अग्रवाल, तुलसी राजपूत, घनश्याम अग्रवाल, मंत्री मनीष अग्रवाल, दीपक मित्तल, अखिलेश गोयल, यश भट्ट, नरेश वर्मा, जनसम्पर्क मंत्री दिनेश सोनी शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में जयंत अग्रवाल, जितेन्द्र अग्रवाल, प्रियंक गोयल, मोहन नागवानी, टेकचंद रामानी, मुकेश कसेर, शरद खुल्लर, दिनेश अग्रवाल को शामिल किया गया है।

## सतनाम कल्याण समिति में होगा चुनाव

**कोरबा।** पिछले दिनों सतनाम कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि चुनाव के लिए आर पी खांडे को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकारिणी का गठन जरूरी हो गया है। वर्तमान में यूआर महिलांगे अध्यक्ष, डॉ.जय लहरे सचिव व नारायण कुर्रे कार्यवाहक अध्यक्ष है। पिछले दिनों हुई बैठक में विजय मिरी, डहारू राम, रामगोपाल कुर्रे सहित अनेकों सदस्य मौजूद रहे। जिसमें निर्णय लिया गया कि सिष्टा के राष्ट्रीय अध्यक्ष







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com